


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 स्टार शटलर पीवी सिंधु ने पीएम मोदी को दिया शादी का ...

महाराष्ट्र चुनाव में ईवीएम एसओपी का पालन ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 237 | नई दिल्ली, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 81,500

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

## संक्षिप्त खबरें

### भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031 तक तीन गुना हो जाएगी: सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले दशक में लगभग दोगुनी हुई है और यह 4,780 मेगावाट से बढ़कर 8,081 मेगावाट हो चुकी है। परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री सिंह ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा कि वर्ष 2031 तक यह तीन गुना हो जाएगी। उनके जवाब देने के दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग का प्रभार प्रधानमंत्री मोदी के पास है और सिंह इस विभाग के राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा, जब यह सरकार सत्ता में आई, तो कुल बिजली उत्पादन क्षमता 4,780 मेगावाट थी। आज, 2024 में, यह 8,081 मेगावाट है। इसका मतलब है कि पिछले 10 वर्षों में अर्जित क्षमता पिछले 60 वर्षों में हासिल की गई क्षमता के बराबर है। सिंह ने उम्मीद जताई कि 2031-32 तक, उत्पादन क्षमता तीन गुना होकर 22,480 मेगावाट तक पहुंच जाएगी।

### सभापति के खिलाफ नोटिस को कामयाब नहीं होने देंगे : रिजिजू

नई दिल्ली। विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास का नोटिस दिया है। इस बीच बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार फिर हंगामे के बीच शुरू हुई और थोड़ी ही देर में हंगामा इतना बढ़ गया कि राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। गौरतलब है कि पिछले तीन कार्य दिवसों से राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार जबरदस्त गतिरोध बना हुआ है। इस गतिरोध के कारण सदन की कार्यवाही नहीं चल पा रही है। बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में हो रहे हंगामे के बीच कहा कि भारतीय लोकतंत्र में 72 साल बाद एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति के पद पर पहुंचा हैं, इस देश की सेवा करने का काम किया है। पूरा देश देख रहा है कि उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा के सभापति के रूप में कैसे इस सदन की गरिमा को बनाए रखा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि आप लोगों ने बाहर जाकर, विभिन्न कार्यक्रमों में उपराष्ट्रपति का नाम लेकर बे-मतलब के आरोप लगाए हैं। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा कि अगर आप सभापति को सम्मान नहीं दे सकते हैं तो आप इस सदन के सदस्य होने के लायक नहीं हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि हम मंत्री के रूप में इस देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप उपराष्ट्रपति पद की गरिमा पर हमला करेंगे तो हम जरूर उसका बचाव करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और जार्ज सोरोस के बीच संबंधों को लेकर जो बात आ रही है वह हमने नहीं कही, यह बात अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में कही गई है।

### हम चाहते हैं सदन चले, सरकार अदाणी पर चर्चा नहीं चाहती: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर आग्रह किया कि उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा की गई अपमाजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाया जाए। राहुल गांधी का यह भी कहना था कि विपक्ष तो चाहता है कि सदन चले, लेकिन सरकार अदाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा नहीं चाहती।

# उद्योग जगत को राजनीतिक, रणनीतिक नीतियों को ध्यान में रखते हुए खुद को बदलना चाहिए : सीतारमण

प्रात: किरण /एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि उद्योग जगत को देश के राजनीतिक और रणनीतिक निर्णयों को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। अगले दशक के लिए अर्थव्यवस्था की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि वैश्विक शांति तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जाने चाहिए और युद्ध या किसी भी प्रकार के व्यवधान से बचा जाना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को अपनी ताकत हासिल करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे क्योंकि किसी भी हिंसा या युद्ध से आपूर्ति श्रृंखला तथा खाद्य मूल्य श्रृंखला प्रभावित होती हैं।

मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति मंच पर कहा, दुनिया चुनौतियों का सामना कर रही है जिसका असर अर्थव्यवस्था पर दिखता है। आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से निपटने के तरीकों के बारे में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में आर्थिक प्राथमिकताओं को राजनीतिक और रणनीतिक जरूरतों के साथ मिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम आपूर्ति श्रृंखलाओं को व्यवधान रहित आपूर्ति श्रृंखलाओं में बहाल करने की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह केवल अर्थशास्त्र नहीं है, यह उससे कहीं अधिक है। हमें न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि राजनीतिक तथा रणनीतिक दृष्टि से भी अपने निर्णय स्वयं लेने होंगे। सीतारमण ने कहा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बहाल करना होगा। इन्हें पुनः संरेखित करना होगा, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इस स्तर पर हो कि कोई भी भू-राजनीतिक या रणनीतिक जोखिम हमारे लिए खतरा न बन पाए। उन्होंने कहा, पिछले दशक में सीखे गए सबक से हमें यह पता चलता है कि देश को अब इसमें बदलाव लाना होगा तथा उद्योग को न केवल आर्थिक सिद्धांतों पर बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी खुद को बदलना होगा। सीतारमण ने कहा कि विस्तार तथा रोजगार सृजन के लिए बड़े, छोटे तथा मझोले उद्योगों को मिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, उद्योग को नई चुनौतियों के साथ तालमेल बैठाने के तरीकों पर विचार करना होगा।




# रेल संचालन को और सरल बनाने वाला 'रेल संशोधन विधेयक' लोकसभा में पारित

प्रात: किरण /एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा ने रेलवे के संचालन को ज्यादा सरल और सुविधाजनक बनाने तथा स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को ज्यादा शक्ति देने के वास्ते दो पुराने कानूनों को जोड़कर बनाया गया ह्यरेल संशोधन विधेयक -2024 बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सदस्यों ने कई अच्छे सुझाव दिए हैं। विधेयक की आवश्यकता संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि विधेयक को सरल बनाने की जरूरत थी और इसमें 1905 तथा 1989 के संशोधन को मिलाकर कानून को सरल बनाया गया है। रेलवे का बहुत विकेंद्रीकरण हुआ है और उसका देश को बड़ा लाभ हुआ है क्योंकि अधिकारियों को लोगों की जरूरत के अनुसार काम करने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के दौरान रेलवे में स्वच्छता के स्तर पर बहुत बदलाव आया है। इन दौरान करीब तीन लाख दस हजार नये टॉयलेट बनाए गये हैं और स्वदेशी तकनीकी से वंदेभारत रेल शुरू की गई और इसकी वजह से इसकी चर्चा पूरी दुनिया में है। छोटी दूरी दो से ढाई सौ किलोमीटर की दूरी पर नमो भारत रेल चल रही हैं। रेल लाइनों का बड़े स्तर पर विद्युतिकरण हुआ है। इसका फर्क यह है कि 60 साल में 21 हजार लाइनों का विद्युतिकरण हुआ था, लेकिन इन दस साल में 44 हजार किलोमीटर का विद्युतिकरण हुआ है। रेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में खूब निवेश हुआ है, लेकिन रेलवे में कम हुआ है और इधर रिकार्ड कायम हुए हैं। मोदी सरकार ने 31 हजार नये ट्रैक बनाए हैं और एक साल में पांच हजार से अधिक रेलवे के नये ट्रैक बने हैं। रेलवे को लेकर निजीकरण की किसी भी तरह की गलत अवधारणा नहीं बनाने की उन्होंने विपक्षी दलों से आग्रह किया और कहा कि इस तरह की अवधारणा नहीं बनाई जानी चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि देश ने रेलवे के क्षेत्र में जबरदस्त तरक्की की है।




## हम चाहते हैं सदन चले, सरकार अदाणी पर चर्चा नहीं चाहती: राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर आग्रह किया कि उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा की गई अपमाजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाया जाए। राहुल गांधी का यह भी कहना था कि विपक्ष तो चाहता है कि सदन चले, लेकिन सरकार अदाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा नहीं चाहती। बिरला से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, मैंने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर कहा कि मेरे खिलाफ की जाने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को हटाया जाना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा है कि वह इस पर गौर करेंगे। उनका कहना था, हमारा उद्देश्य है कि सदन चलना चाहिए और सदन में चर्चा होनी चाहिए। वे (सत्तापक्ष) मेरे बारे में जो चाहे कहें, लेकिन हम चाहते हैं कि सदन में चर्चा हो। राहुल गांधी ने कहा कि 13 और 14 दिसंबर को लोकसभा में संविधान पर चर्चा करने की बात तय हुई थी और यह चर्चा होनी चाहिए।

## एआई की चुनौती से निपटने के लिए, बन रहे हैं आठ टूल्स : वैष्णव

नई दिल्ली। सरकार ने कहा कि आर्टिफीशियल इन्टेलीजेंस (एआई) के प्रयोग से सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, फेक नैरेटिव की चुनौती से निपटने के लिए देश में आठ तरह से तकनीकी टूल्स विकसित किए जा रहे हैं जो एआई के प्रयोग को पहचान सकेंगे। रेल, इलैक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एआई के बारे में सवालों के जवाब में कहा कि एआई के प्रयोग से कई प्रकार की चुनौतियां समाज के समक्ष पेश आ रही हैं। फेक न्यूज, फेक नैरेटिव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कानूनी ढांचा बनाए जाने के लिए कई मोर्चों पर विचार मंथन किया जा रहा है। एक वास्तविक न्यूज नेटवर्क हो, यह भी सोचा जा रहा है। जहां तक इसके नियामक तंत्र को बनाए जाने की बात है, वह सर्वसम्मति से ही किया जाना चाहिए। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में कृषि, वित्तीय सेवाओं, आपूर्ति श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स, मनोरंजन, मीडिया आदि में एआई का प्रयोग बढ़ने वाला है। ऐसे में एआई से उत्पन्न चुनौतियों को पहचान कर उनसे निपटने के लिए आठ परियोजनाओं पर काम चल रहा है जिनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रायपुर, आईआईटी मुंबई आदि शामिल हैं।

# झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण में कई अहम घोषणाएं, महिलाओं को नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण का वादा






प्रात: किरण /एजेंसी

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड की छठी विधानसभा के पहले विशेष सत्र में अभिभाषण करते हुए सरकार की ओर से ओर कई अहम घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। राज्यपाल ने राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों के लिए स्थानीय नीति बनाकर उन्हें तृतीय और चतुर्थ वर्ग की सरकारी नौकरियों में शत-प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प व्यक्त किया। राज्यपाल ने राज्य की सरकार का रोडमैप और विकास की परिकल्पना सदन में प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि केंद्र और उसकी कंपनियों के पास राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया हैं।


इस राशि को वापस लेने के लिए राज्य की सरकार कानूनी उपाय करेगी। झारखंड की हो, मुंडारी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करने, सभी किसानों को ब्याजमुक्त ऋण देने, सरना आदिवासी धर्म कोड को लागू करने, बच्चों को केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था जैसी घोषणाएं भी अभिभाषण में की गई हैं। अभिभाषण की शुरूआत करते हुए राज्यपाल ने छठी विधानसभा के सभी निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और जताई कि राज्य के सभी नवनिर्वाचित विधायक सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखंड के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि षष्ठम विधानसभा के लिए शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत एवं स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में सिसोदिया को दी राहत, जमानत शर्तों में ढील

**सिसोदिया ने हर सोमवार और गुरुवार को संबोधित जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने की जमानत की शर्तों में ढील के लिए शीर्ष अदालत से गुहार लगाई थी।**

प्रात: किरण /एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राहत देते हुए जमानत की शर्तों में बुधवार को ढील दे दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सिसोदिया की जमानत के मामले में अपने पिछले आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को हर सोमवार और गुरुवार को संबोधित जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने की शर्त जरूरी नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उन्हें नियमित रूप से निचली अदालत में उपस्थित होना चाहिए। श्री सिसोदिया ने हर सोमवार और गुरुवार को संबोधित जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने की जमानत की शर्तों में ढील के लिए शीर्ष अदालत से गुहार लगाई थी। उच्चतम न्यायालय ने 9 अगस्त 24 को श्री सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)- दोनों मामलों में जमानत देकर उन्हें बड़ी राहत दी थी। अदालत ने यह देखते जमानत दी थी कि मुकदमे की सुनवाई में देरी और आरोपी सिसोदिया के लंबे समय तक जेल में रहने से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के उनके अधिकार पर असर पड़ता है। शीर्ष अदालत ने जमानत की शर्तों में सिसोदिया को प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 11 बजे के बीच जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। इसके बाद शीर्ष अदालत ने जमानत देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय के 21 मई, 2024 के आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।



# मस्जिद में मंदिर खोजने वालों को महंगा पड़ेगा : स्वामी प्रसाद मौर्य

**सम्राट अशोक ने 84 हजार बौद्ध स्तूप बनवाए थे। आखिर वो कहां चले गए। इससे साफ जाहिर होता है कि इन्हीं लोगों ने इसे तोड़कर मंदिर बनवाया है, इसलिए मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर आप मस्जिद में मंदिर खोजेंगे, तो हम मंदिरों में बौद्ध मठ खोजना शुरू कर देंगे, इसलिए देश में एकता बनाए रखने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि 1947 से पहले के बाद जिस धर्म की स्थिति जैसी थी, मौजूदा समय में उसे वैसा ही रहने दिया जाए, उसके साथ किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं किया जाए।**

प्रात: किरण /एजेंसी

लखनऊ। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संभल हिंसा के संबंध में कहा कि अगर आप गड़े मुर्दे उखाड़ेंगे, तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मस्जिद में मंदिर खोजने वालों को महंगा पड़ेगा, क्योंकि अगर आप मस्जिद में मंदिर खोजेंगे, तो लोग मंदिरों में बौद्ध मठ खोजना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, इतिहास इस बात का गवाह है कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, यह सब बड़े तीर्थस्थल थे। इन्हें आज हिंदू धर्म का स्वरूप दे दिया गया है। सम्राट अशोक ने 84 हजार बौद्ध स्तूप बनवाए थे। आखिर वो कहां चले गए। इससे साफ जाहिर होता है कि इन्हीं लोगों ने इसे तोड़कर मंदिर बनवाया है, इसलिए मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर आप मस्जिद में मंदिर खोजेंगे, तो हम मंदिरों में बौद्ध मठ खोजना शुरू कर देंगे, इसलिए देश में एकता बनाए रखने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि 1947 से पहले के बाद जिस धर्म की स्थिति जैसी थी, मौजूदा समय में उसे वैसा ही रहने दिया जाए, उसके साथ किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं किया जाए।

उन्होंने कहा, हम चाहेंगे देश में भाईचारा बना रहे। किसी भी धर्म के लोगों के बीच में नफरत पैदा न हो। हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। वहीं, उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, आज की सरकारें अपने कार्यों में बुरी तरह विफल रही हैं, जिससे आम जनता को भारी नुकसान हुआ है। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, और शिक्षा जैसे मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इसके कारण लोगों में असंतोष बढ़ रहा है, और सरकार के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा, केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कई बड़े वादे किए थे। लेकिन, अब यह महसूस हो रहा है कि यह सरकारें अपने वादों को पूरा करने में नाकाम साबित हो रही हैं। सरकारी नौकरियां खत्म हो गई हैं और महंगाई ने लोगों की हालत खराब कर दी है। खासकर किसान वर्ग पर इसका गहरा असर पड़ा है। किसान पहले ही कई वर्षों से कृषि संकट का सामना कर रहे हैं। लेकिन, सरकार की नीतियों से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। दिल्ली के बॉर्डर पर हजारों किसान पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं और वे अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य की मांग कर रहे हैं। लेकिन, सरकार उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है।



**कार्यक्रम** — योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर निरंतर अग्रसर है ....

# भारत तेजी से विकास कर रहा है और 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा : सीएम योगी

नई दिल्ली, एजेंसी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है और 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। कर्मा देवी शिक्षण संस्थान समूह के 15वां स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर निरंतर अग्रसर है भारत को विकसित देश बनाने के लिए हमें आत्मनिर्भर होना पड़ेगा और इसके लिए पहले हमें आधुनिक शिक्षा ग्रहण करनी होगी। जब हमारा गांव, नगर, जिला, प्रदेश आत्म निर्भर बनेगा तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। भारत पूरी दुनिया में प्रत्येक क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर रहा है। कोरोना काल में जिस तरीके से चीन ने भारत को दवा देने से मना कर दिया था और धोखा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फामेर्सी उद्योग ने दवा बनाकर पूरे विश्व को एक नया संदेश दिया।




उन्होंने कहा कि 1947 से 2014 तक भारत आर्थिक व्यवस्था से ऊपर-नीचे उठकर 11 वे पायदान पर था लेकिन 2014 के बाद से भारत देश की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गई। सकारात्मक सोच हमें बहुत आगे ले जा सकती है सकारात्मक सोच से ही भारत बहुत तेजी से विकासशील हो रहा है। नकारात्मक सोच हमें गड्ढे में गिरा सकती है इसलिए हमें हमेशा सकारात्मक सोच से आगे बढ़ना चाहिए। भारत की भाषाएं भारत की एकता का प्रतीक है हमें सभी भाषाओं का अध्ययन करना चाहिए। एक भारत नेक भारत के लिए हमें सदैव कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के लोग 50 साल इसलिए पीछे हो गए हैं क्योंकि पिछली सरकारों ने आधुनिकता, शिक्षा, संसाधन पर ध्यान नहीं दिया था पिछली सरकारों ने समस्या को समस्या समझा उसको निस्तारण करने से पीछे भागते रहे। इसी कारण से यहां के युवा पलायन करने लगे। अगर उस समय फामेर्सी कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, ला कॉलेज होते तो आज यहां के युवा प्रत्येक क्षेत्र में अपनी अलग छाप छोड़ रहे होते। फामेर्सी क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्र है। बुंदेलखंड में फामेर्सी को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग स्थापित किया गया है। पूरी दुनिया आपका इंतजार कर रही है आप एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए सही दिशा में सही काम करे। पूरी दुनिया में जो सबसे अच्छी 100 कंपनियां है उनमें से 20 कंपनियों के सीईओ भारत के हैं जो बेहद ही गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज जब मिलकर काम करेगी तभी हमारा गांव, नगर, जिला, प्रदेश विकास की ओर आगे बढ़ेगा। बस्ती में एक कवि आए थे उन्होंने बहुत पहले कहा था बस्ती को ह्यबस्ती को बस्ती कहूं, काके कहूं उजाड़ह्ल लेकिन अब बस्ती एक विकसित नगर बन गया है। बस्ती में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। यहां की भूमि भगवान श्री राम के जन्म के लिए महाराज दशरथ जी ने पुत्रेष्टि यज्ञ के लिए चुना था। बस्ती की भूमि वंदनीय है। पूर्वी उत्तर प्रदेश संसाधनों के मामले में हमेशा उपेक्षित रहा है लेकिन प्रदेश सरकार ने बस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया, महाराजगंज में मेडिकल कॉलेज स्थापित करके स्वास्थ्य क्षेत्र को एक नई दिशा प्रदान किया है।

**सीएम ने कहा कि आज ही के दिन मुंडेरवा चीनी मिल में अन्नदाता किसान प्रदर्शन कर रहे थे उस दौरान गोली चलने से तीन किसान शहीद हो गए थे और पिछली सरकार ने मुंडेरवा चीनी मिल को बेच दिया था यहां के जनप्रतिनिधि ने जब मुझे अवगत कराया तो मेरे द्वारा पुनः चीनी मिल का शुभारंभ कराया गया। केंद्र तथा प्रदेश सरकार किसानों की आय दुगनी करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। हाल ही में उत्तर प्रदेश से एक टीम मास्को गई थी जहां पर आम के बाजार में उन्होंने 8 सौ से लेकर 1 हजार रुपया किलो तक के आम बिकने का अध्ययन किया। बस्ती जनपद की भूमि आम्रपाली आम की जननी है अगर यहां बाजार में 60 -70 रुपए किलो आम बिक रहे है और हम मास्को में आम बेचने के लिए अगर 2 सौ रुपया खर्च करके बेचे तो हमारे अन्नदाता को कई गुना मुनाफा होगा।**

# क्वारब में पहाड़ी से गिर रहा मलबा

### नहीं निकला समाधान, एनएच आज से 26 तक रात में हल्के-भारी वाहनों के लिए बंद

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** क्वारब में पहाड़ी से मलबा गिर रहा है। ऐसे में आवाजाही के दौरान खतरा बना हुआ है। यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर 16 दिनों तक रात आठ बजे से प्रातः छह बजे तक हल्के-भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी है।

क्वारब में भूस्खलन जोन में सड़क धंसने और बोल्डर गिरने से आवाजाही के दौरान खतरा बना हुआ है। यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार से 16 दिनों तक रात आठ बजे से प्रातः छह बजे तक हल्के और भारी वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। ये वाहन वैकल्पिक मार्गों से आवाजाही करेंगे।

मंगलवार को भी क्वारब पर पहाड़ी से रुक-रुक कर मलबा और बोल्डर गिरे। इससे कुछ देर वाहनों की रफ्तार थमी रही। क्वारब पुल के पास पहाड़ी क्षेत्र की ओर करीब 200 मीटर लंबाई में भूस्खलन जोन बन जाने से लगातार किसी भी समय मलबा और बोल्डर अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे हैं। वहां पर 30 मीटर की लंबाई में सड़क धंस रही है। ये भाग किसी भी समय सुयाल नदी की तरफ खिसक सकता है। वहां पर



मोटर मार्ग की चौड़ाई सिर्फ तीन मीटर रह गई है। ऐसे में बड़े वाहनों का आवागमन भी सुरक्षित नहीं रह गया है। लगातार गिर रहे मलबे के बीच जेसीबी से भी काम कराया जाना संभव नहीं हो रहा है। क्वारब पर सड़क धंसने और बोल्डर गिरने से यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रात आठ से प्रातः छह बजे तक हल्के और भारी वाहनों के संचालन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान ये वाहन अल्मोड़ा-विश्वनाथ- शहरफाटक, खैरना-रानीखेत वैकल्पिक मार्गों से संचालित होंगे।

अल्मोड़ा-क्वारब राष्ट्रीय राजमार्ग 109 के किमी 56 में हो रहे लगातार भूस्खलन के दृष्टिगत 11 दिसंबर से 26 दिसंबर की रात आठ बजे से प्रातः छह बजे तक हल्के और भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाई गई है। एंबुलेंस, क्रेन और अन्य आवश्यकीय सेवाओं में प्रयुक्त होने वाले वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### देहरादून एयरपोर्ट पर अमेरिका के नागरिक से सेटेलाइट फोन बरामद

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने चेकिंग के दौरान अमेरिका के एक नागरिक से प्रतिबंधित सेटेलाइट फोन बरामद किया है। सीआईएसएफ ने आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सेटेलाइट फोन कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही आरोपी और उसकी महिला मित्र को हिरासत में लिया गया है। जोशुआ इवान रिचर्डसन (42) निवासी 220 ई स्मिथ स्ट्रीट, मिलाओकी विस्कॉन्सिन अमेरिका योग सिखाने कुछ दिन पहले टूरिस्ट वीजा पर ऋषिकेश आया था। सोमवार दोपहर 2.20 बजे के लगभग जब वह एयरपोर्ट पहुंचा तो उसके सामान की जांच की गई। जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मी को उसके सामान में सेटेलाइट फोन दिखाई दिया। सेटेलाइट फोन को बरामद कर सीआईएसएफ ने आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के साथ उसकी एक महिला मित्र भी थी। जो आरोपी से कुछ दिन पहले ही योग सिखाने के लिए भारत आई थी। आरोपी और उसकी महिला मित्र इंडिगो की फ्लाइट से शाम 3.55 पर दिल्ली जाने वाले थे। जहां से उन्हें आगे अमेरिका के लिए रवाना होना था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डोईवाला विनोद गुसाईं ने कहा कि सेटेलाइट फोन बरामद कर मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी और उसकी महिला मित्र को हिरासत में लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके देश में सेटेलाइट फोन रखना अपराध नहीं है। भारत में यह अपराध है, इसकी उसे जानकारी नहीं थी।

### ग्रामीणों ने रायवाला थाने का घेराव किया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चोरी की घटनाओं का खुलासा किए जाने की मांग को लेकर प्रतीतनगर के ग्रामीणों ने रायवाला थाने का घेराव किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए।पार्वती रतूड़ी ने बताया कि उनके घर के मंदिर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर ली गई है। इस घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया और हाल में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं किया गया तो ग्रामीण पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। राजेश जुगलान ने कहा कि क्षेत्र की जनता में स्थानीय पुलिस के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाए जाने और संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उप निरीक्षक रायचंद पुरसोडा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बम की सूचना मिलते ही खाली कराया एयरपोर्ट

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून एयरपोर्ट पर पिछले कुछ समय से चार बार विमानों में बम होने की धमकी के बाद सोमवार को एयरपोर्ट के अंदर बम होने की धमकी भरा एक ई-मेल एयरपोर्ट प्रशासन को मिला। जिसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट को खाली करा दिया। हालांकि धमकी झूठी पाई गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दून एयरपोर्ट प्रशासन को एक धमकी भरा ई-मेल मिला। सुरक्षा को देखते हुए एयरपोर्ट के अंदर से एयरपोर्ट कर्मियों, एयरलाइंस कर्मियों के साथ ही सैकड़ों हवाई यात्रियों को टर्मिनल से बाहर किया गया। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट को चारों ओर से घेर लिया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और एयरपोर्ट के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था संभाली। एयरपोर्ट बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड, और सुरक्षा एजेंसियों ने करीब एक घंटे तक एयरपोर्ट के अंदर प्रत्येक चीज की अच्छी तरह जांच की। जांच के बाद जब धमकी झूठी निकली। तब संतुष्ट होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। उसके बाद सबसे पहले एयरपोर्ट कर्मियों को अंदर बुलाया गया। जिसके बाद दोनों गेटों से हवाई यात्रियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई।

## अंग्रेजी, अर्थशास्त्र पढ़ाने के लिए नहीं हैं शिक्षक

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जीआईसी नागर्जुन में दो विषयों में शिक्षकों की तैनाती नहीं है। छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विषयों की पढ़ाई करने में दिक्कतें आ रही हैं। खासकर बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी प्रभावित हो रही है। नागार्जुन स्थित जीआईसी में अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों के दो पद रिक्त हैं। इन पदों पर लंबे समय से तैनाती नहीं हुई है। शिक्षक न होने से विद्यालय में दोनों विषयों की पढ़ाई करने में दिक्कतें हो रही हैं। हालात ये हैं कि दोनों विषयों में अतिथि शिक्षक की भी तैनाती नहीं हुई है। विद्यालय भवन भी जर्जर हालत में है। छत की टिन जीर्णशीर्ण हो चुकी है। बारिश होने से पानी टपक कर अंदर आ जाता है। इससे पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर अभिभावक चिंतित रहते हैं।

## राष्ट्रीय खेलों के लिए जल्द बनेगा सिक्योरिटी प्लान

**हल्द्वानी, एजेंसी।** प्रदेश में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना है। हल्द्वानी में करीब सात प्रतिस्पर्धा होनी हैं। इसकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए सोमवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने गौलापार स्टेडियम का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रवेश, निकासी, वीआईपी, एंट्री, स्टेडियम, खिलाड़ियों की एंट्री, होटल समेत कई पहलू पर खेल विभाग से जानकारी ली। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि स्टेडियम परिसर का निरीक्षण किया गया है। खिलाड़ियों के आवागमन के लिए यातायात प्रबंधन प्लान बनाया जाएगा। सभी खेल संघों के साथ मिलकर खिलाड़ियों की संख्या और अन्य टीम सदस्यों के हिसाब से सिक्योरिटी प्लान बनाया जाएगा। इसमें यातायात, इंटेलिजेंस, पुलिस, पीएसी समेत अन्य पुलिस बल शामिल होंगे। वहीं गौला नदी के कटाव से स्टेडियम के क्षतिग्रस्त हिस्से को पूरी तरह बंद किया जाएगा। माई सिटी रिपोर्टर 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन गौलापार स्टेडियम में होना है।

### नया रिकॉर्ड बना सकता है उत्तराखंड, सम्मेलन के लिए 6500 मेहमान करा चुके पंजीकरण

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड को पहली बार विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के आयोजन की मेजबानी मिली है। 12 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो में उत्तराखंड नया रिकॉर्ड बना सकता है। चार दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए अब तक 6500 पंजीकरण हो चुके हैं। यह संख्या पिछले वर्ष गोवा में हुए नौवें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस से अधिक है। गोवा में कुल 5102 मेहमान पहुंचे थे। केंद्र सरकार के सहयोग से वर्ष 2002 से हर साल विश्व आयुर्वेद कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। इस बार मेजबानी का अवसर उत्तराखंड को मिला है। इस आयोजन के सफर में मेहमानों की संख्या बढ़ती-घटती रही है। मगर रजिस्ट्रेशन को पैमाना मानें तो उत्तराखंड के लिए अच्छी तस्वीर दिखाई दे रही है। उत्तराखंड आने में मेहमानों की दिलचस्पी नजर आ रही है। आयुष सचिव रविनाथ रामन के अनुसार, अभी तक 6500 मेहमान रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस महाआयोजन की तैयारी जोरों पर है और इसे अभूतपूर्व बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। प्रतिनिधियों पर भी उत्तराखंड की नजर है। पिछले वर्ष गोवा में आयोजित इस आयोजन में सबसे ज्यादा 53 देशों ने भागीदारी की थी।



## खून से देंगे बिल, पैसे नहीं, बिजलीघर पर धरने पर बैठे किसानों ने सिरिंज से निकाला ब्लड; दफ्तर छोड़ भागे कर्मचारी

**मंगलौर (हरिद्वार), एजेंसी।** मंगलौर और झबरेड़ा क्षेत्र में ऊर्जा निगम की छापेमारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने आक्रोश जताया है। कार्रवाई के विरोध में भाकियू के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मंगलौर स्थित बिजलीघर पर धरना दिया। इस दौरान ऊर्जा निगम के कर्मचारी दफ्तर छोड़कर निकल गए। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की।

सोमवार को ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने ग्राम थिथकी, गदरजुड़ा के अलावा झबरेड़ा क्षेत्र के ग्राम टिकोला और मानकपुर आदमपुर में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी की थी। ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम को बंधक बना लिया था। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ था। बवाल बढ़ता देख पीएसी की टीम ने लाठियां फटकारते हुए टीम को छुड़ाया। ऊर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरी के मामले में 110 लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी।

इसके विरोध में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मंगलौर कस्बा स्थित बिजलीघर पहुंचे और धरना देकर बैठ गए। किसानों ने नारेबाजी करते हुए ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। किसानों का रुख देख बिजलीघर के कर्मचारी दफ्तर छोड़कर वहां से खिसक लिए। इस मौके पर किसानों ने कहा कि ऊर्जा निगम और सरकार किसानों पर डंडा चलाने का काम कर रही है, जबकि किसान अपनी लागत से भी कम मूल्य पर फसल पैदा करते हुए सभी का पेट पालने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों का शोषण बंद किया जाए। इसे किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हमें हमारी सरकार चाहिए, जिसे बता सकें समस्याएं

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** निकायों का कार्यकाल खत्म हुए एक साल से अधिक समय बीत गया है। निकाय प्रशासकों के हवाले हैं। लंबे समय से निकाय चुनाव न होने से स्थानीय सरकार अस्तित्व में नहीं आ सकी है। इससे कई काम अटके हैं। आम जनता को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भवन कर, व्यवसाय कर, तहबाजारी के तहत लिया जाने वाला टैक्स जमा करने के लिए लोग निकाय कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं। परिवार रजिस्टर की नकल सहित अन्य दस्तावेजों के लिए भी लोगों को निकाय कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है।

जिले के कई निकायों में भवन कर का सही निर्धारण न होने से लोग परेशान हैं और निकाय गठन के बाद बोर्ड बैठक में इस पर विचार किए जाने की आस लगाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थानीय सरकार न बनने से सभाषद, पार्षद, मेयर नहीं चुने गए हैं। यदि जनता के बीच से जनप्रतिनिधि चुनकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे तो जनता उनके माध्यम से आसानी से अपनी समस्याएं जिम्मेदारों तक पहुंचा सकती है।

जनप्रतिनिधियों के दबाव से विकास कार्य भी होंगे। मेयर या पालिकाध्यक्ष भी जनता का प्रतिनिधित्व करता है। उसके माध्यम से जनता की समस्याओं के जल्द समाधान होने की संभावना बढ़ जाती है। अधिकारियों पर भी दबाव रहता है।

स्थानीय सरकार ही नहीं होने से क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनने वाले प्रतिनिधि नहीं हैं। ऐसे में जनता किसे अपनी समस्या बताएगी और लोगों बात जिम्मेदारों तक कौन पहुंचाएगा यह बड़ा सवाल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान और विकास के लिए स्थानीय सरकार बेहद जरूरी है।

## दिल्ली के लिए सभी 29 नॉनस्टॉप वोल्वो बस सेवा बहाल, पूरी करनी होगी यह शर्त

**देहरादून, एजेंसी।** बीएस-6 और बीएस-4 बसों के आपरेटरों के बीच समय-सारणी को लेकर सोमवार को छिड़ा विवाद सुलझने के बाद मंगलवार से उत्तराखंड परिवहन निगम ने देहरादून से दिल्ली के लिए सभी 29 नॉन-स्टॉप वोल्वो बसों का संचालन शुरू कर दिया। हालांकि, पहले दिन यात्रियों के अभाव के कारण सुबह चार बजे वाली बस नहीं जा सकी।

इसके बाद रात 12 बजे तक 28 बसों का सुचारू संचालन किया गया। इनमें 26 बसें दिल्ली जबकि बाकी दो वाया दिल्ली होकर गुरूग्राम संचालित की गई। ग्रामीण डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने बताया कि वोल्वो बसों के टिकट की आनलाइन बुकिंग भी खोल दी गई है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रत्येक बस में में 20 से अधिक यात्री गए।

16 नवंबर को दिल्ली में प्रदूषण के कारण थमे उत्तराखंड परिवहन निगम की सुपर डीलक्स बीएस-4 वोल्वो बसों के पहिये मंगलवार से फिर घूमने लगे। प्रतिबंध से पूर्व दिल्ली के लिए देहरादून से 29 वोल्वो संचालित की जा रही थी, जिनमें 26 सीधे दिल्ली कश्मीरी गेट आइएसबीटी जबकि बाकी दो दिल्ली होकर गुरूग्राम जाती थी।

प्रतिबंध के बाद इनमें से केवल सात बसें ही संचालित की जा रही थी, जो बीएस-6 श्रेणी की हैं और दिल्ली के लिए प्रतिबंध से मुक्त थी। इनमें पांच बसें दिल्ली कश्मीरी गेट आइएसबीटी जबकि शेष दो गुरूग्राम जा रही थी। वोल्वो बसों का संचालन न होने से उच्च श्रेणी व उच्च मध्यम वर्ग के यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी।

वैकल्पिक साधन के अंतर्गत इन यात्रियों को निजी बसों या टैक्सी से यात्रा करनी पड़ रही थी। परिवहन सचिव बृजेश कुमार संत ने शुक्रवार को परिवहन निगम प्रबंधन को सभी वोल्वो बसों का संचालन कराने के निर्देश दे दिए थे, लेकिन निगम प्रबंधन और बस आपरेटर समय-सारणी को लेकर उलझे रहे।

### किराना की दुकान से तेल और चावल चोरी

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक [illegible] से चोरों ने तेल के टिन और चावल के कट्टे चोरी कर लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी में एक कार में सवार सामान ले जाते दिख रहा है। पुलिस के अनुसार, शौकीन निवासी गांव सराय ने शिकायत दी। बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के सामने उसकी दुकान है। आठ नवंबर की देर रात उसकी दुकान के बाहर आकर एक कार रुकी। कार में सवार लोगों ने शटर के ताले तोड़ डाले। दुकान के अंदर से 37 तेल के टिन और आठ चावल के कट्टे कार में रखे और फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कराटे प्रतियोगिता में तीसरे पायदान पर रहा उत्तराखंड

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सात व आठ दिसंबर को ऋषिकेश में दो दिवसीय द्वितीय यूनाइटेड शोतोकान राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एके फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण, आठ रजत व पांच कांस्य पदक जीतकर देवभूमि का नाम रोशन किया। अजय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आठ राज्यों के लगभग 400 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, केरल, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, राजस्थान आदि राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने प्रथम, दिल्ली ने द्वितीय व उत्तराखंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के छह वर्ष वर्ग में अक्षत चमोली ने रजत, आठ वर्ष वर्ग में रमन ने स्वर्ण, नौ वर्ष वर्ग में आरुष ने स्वर्ण, ओजस ने रजत, सक्षम ने कांस्य, 10 वर्ष वर्ग में विवांश ने स्वर्ण, 11 वर्ष वर्ग में शिवांश ने स्वर्ण, देवर्ष ने रजत पदक जीता। वहीं 11 वर्ष वर्ग की काता प्रतियोगिता में अर्श शर्मा ने स्वर्ण पदक, 12 वर्ष वर्ग में उज्ज्वल ने स्वर्ण, अभ्यांश ने रजत, अर्णव ने कांस्य, 13 वर्ष वर्ग में शौर्य ने स्वर्ण, संस्कार ने रजत, 14 वर्ष वर्ग में रोहन ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

## अग्निवीर परीक्षा : भर्ती केंद्र के पास की गई है बैरिकेडिंग, सेना के साथ-साथ पुलिस बल भी तैनात

**रुड़की, एजेंसी।** अग्निवीर परीक्षा को लेकर भर्ती केंद्र के पास बैरिकेडिंग की गई है। सेना के साथ-साथ पुलिस भी तैनात है। हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रहेगी। अधिकारी पल-पल की जानकारी लेंगे।

रुड़की में आज अग्निवीर परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में युवा पहुंचे हैं। पुलिस और सेना की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भर्ती परीक्षा केंद्र में एंट्री के लिए बैरिकेडिंग की गई है। बिना बैरिकेडिंग के कोई भर्ती केंद्र के अंदर नहीं जा पाएगा। उधर, हुड़दंग करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

पुलिस अधिकारी भर्ती प्रक्रिया का रोजाना पल-पल का अपडेट



भी लेंगे। 11 से 21 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती परीक्षा चलेगी। इसमें कई प्रदेशों के युवा प्रतिभाग करेंगे। युवाओं की भारी भीड़ आने के चलते पुलिस-प्रशासन ने यातायात रूट प्लान समेत पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। युवाओं के रहने की भी व्यवस्था की गई है। भर्ती केंद्र में एंट्री के लिए खास इंतजाम किए गए हैं ताकि व्यवस्था न बिगड़ पाए।

भर्ती केंद्र के आसपास बड़ी संख्या में बैरिकेडिंग लगाई गई है। इस बैरिकेडिंग से होकर ही युवा भर्ती केंद्र में दाखिल होंगे। किसी को भी बिना बैरिकेडिंग के एंट्री नहीं दी जाएगी। कोई बिना बैरिकेडिंग के एंट्री या हुड़दंग करेगा तो पुलिस की ओर से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## शूटिंग रेंज में कैंप लगाकर अभ्यास शुरू, पर इलेक्ट्रॉनिक टारगेट का इंतजार

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के लिए 31 खिलाड़ियों का कैंप लगा है, जिसमें देहरादून, पिथौरागढ़, खटीमा, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर व अन्य जगहों से खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। वहीं, उत्तराखंड पुलिस टीम भी लगातार अभ्यास कर रही है, जिसमें उत्तराखंड पुलिस की चार महिला जवान शामिल हैं।

38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में नवनिर्मित शूटिंग रेंज में 31 खिलाड़ियों का कैंप लगाकर अभ्यास तो शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक खिलाड़ी छपे हुए स्टीकरों पर ही निशाना साध रहे हैं। हालांकि, खेल निदेशालय का दावा है कि जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक टारगेट पर खिलाड़ी अभ्यास करते नजर आएंगे।

शूटिंग के लिए बने भवन में 10, 25 और 50 मीटर की तीन रेंज तैयार की जा रही हैं। 10 मीटर रेंज पर 66 टारगेट, 25



मीटर रेंज पर 60 टारगेट और 50 मीटर रेंज पर 40 इलेक्ट्रॉनिक टारगेट लगाए जाने हैं। उत्तराखंड शूटिंग के चीफ कोच अरुण सिंह ने बताया, इलेक्ट्रॉनिक टारगेट के लिए टेंडर हो चुका है।

कंपनी की टीम ने हाल में रेंज का दौरा कर मार्किंग का कार्य पूरा कर दिया है। अब सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक टारगेट फिक्स होने बाकी हैं। ये कार्य भी अगले कुछ दिनों में हो जाएगा। सहायक कोच रोहित कुमार प्रजापति ने बताया, रेंज पर लाइटिंग व अन्य सभी कार्य 25 दिसंबर तक पूरे करने का लक्ष्य है, जो समय से पूरा कर लिया जाएगा।

रेंज पर एक तरफ राष्ट्रीय खेलों के लिए 31 खिलाड़ियों का कैंप लगा है, जिसमें देहरादून, पिथौरागढ़, खटीमा, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर व अन्य जगहों से खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। वहीं, उत्तराखंड पुलिस टीम भी लगातार अभ्यास कर रही है, जिसमें उत्तराखंड पुलिस की चार महिला जवान शामिल हैं। कोच और सब इंस्पेक्टर हेमलता सेमवाल ने बताया, रेंज लगभग तैयार हो चुका है, उत्तराखंड पुलिस के जवान और राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं।

#### 31 करोड़ की लागत से बना है भवन

शूटिंग रेंज के लिए भवन निर्माण 31 करोड़ की लागत से दिसंबर 2022 में पूरा हो गया था। लोकार्पण के बाद से भूतल व पहली मंजिल पर अलग-अलग हिस्सों में तीन शूटिंग रेंज बनाई गई हैं। हालांकि, इन पर सभी कार्य मार्च तक पूरा करने का टारगेट था, जिसे चुनाव में भवन के उपयोग के चलते अक्तूबर तक लक्षित किया था, लेकिन अब 25 दिसंबर अंतिम लक्ष्य रखा गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में मल संबंधी प्रदूषण से जुड़े कीटाणु फीकल कॉलीफॉर्म बढ़ते ही जा रहे हैं

नई दिल्ली, । राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है तथा असगरपुर में इसमें ह्यफीकल कोलीफॉर्म (मल संबंधी कीटाणु)ह्न की सांद्रता 79 लाख इकाई प्रति 100 मिलीलीटर (एमपीएन) तक तक पहुंच गई है। असगपुर में ही यमुना दिल्ली से बाहर निकलती है। नवंबर के लिए जारी नवीनतम जल गुणवत्ता रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के आंकड़ों से पता चला है कि यह आंकड़ा अक्टूबर में दर्ज किए गए शीर्ष स्तर से मेल खाता है, जो दिसंबर 2020 के बाद से सबसे अधिक सांद्रता थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार मल संबंधी प्रदूषण के प्रतीक ह्यफीकल कोलीफॉर्मह्न की मान्य सीमा 2500 इकाई प्रति 100 मिलीलीटर है। उच्चतर स्तर का अंतिम दर्ज उदाहरण दिसंबर 2020 है जब सांद्रता 120 करोड़ इकाई प्रति 100 मिलीलीटर तक पहुंच गई थी। डीपीसीसी की मासिक गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार यमुना पल्ला में दिल्ली में प्रवेश करती है और वहां ह्यफीकल कोलीफॉर्मह्न 1100 इकाई प्रति 100 मिलीलीटर है और जब नदी आगे बढ़ती है जो उसमें मल संबंधी सांद्रता जलमल वाली नालियों के यमुना में गिरने के कारण बढ़ती चली जाती है।

# भाजपा के वोट काट घोटाले में आप का बड़ा खुलासा, सात विधानसभाओं में 22,649 वोटरों के नाम लिस्ट से काटने की दी एप्लिकेशन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने भाजपा के ह्यवोट काटह्न घोटाले में बुधवार को बड़ा खुलासा किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और राघव चड्ढा ने दस्तावेजों के साथ मीडिया के सामने आए और भाजपा द्वारा दिल्ली की सात विधानसभाओं में 22,649 वोट काटने की बड़ी साजिश का पदार्फाश किया। इसके मुताबिक, जनकपुरी में 7,055 , करवाल नगर में 3,861, तुगलकाबाद में 4,016, पालम में 1,641, मुस्तफाबाद में 534, हरि नगर में 637 और राजौरी गार्डन में 1,274 लोगों के वोट काटने की एप्लिकेशन दी गई है। यह आवेदन करने वाले ज्यादातर लोग भाजपा से जुड़े हैं। जिनमें से कई नामों का खुलासा भी किया गया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि शायद यह भाजपा के वोटर नहीं होंगे, इसलिए इनके नाम काटने की साजिश की जा रही है। इनके आवेदनों पर चुनाव आयोग की कार्रवाई भी बेहद खतरनाक है। जब भाजपा दिल्ली में चुनाव जीत नहीं पा रही है तो वह लोगों के वोट डालने का अधिकार छीनकर संविधान और बाबा साहब के विजन की हत्या कर रही है। जब भाजपा के लिए केजरीवाल को हराना मुश्किल हो गया तो वह वोट कटवाकर हराने की साजिश रच रही - मनीष सिसोदिया आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के साथ पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने पर तुली हुई है। भाजपा चुनाव प्रक्रिया को एक मजाक बनाने पर तुली हुई है। वह चुनाव आयोग की पूरी मशीनरी का प्रयोग करके अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों के वोट कटवा रही है और चुनाव को एक तरह से अनौपचारिक प्रक्रिया बनाने की साजिश रच रही है। अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिनों पहले सबके सामने यह बात रखी थी कि कैसे शाहदरा विधानसभा में वोट कटवाने के लिए भाजपा के कार्यकताओं द्वारा ऐसे लोगों के वोट कटवाने के आवेदन दे दिए गए हैं जो अपने घर पर 30-30 सालों से रह रहे हैं। अरविंद केजरीवाल बकायदा उन लोगों को मीडिया के सामने लाए थे। उनके वोटिंग कार्ड दिखाए थे। इसके बाद मीडिया ने भी बहुत सारे लोगों के घर जाकर दिखाया था कि ये लोग अभी भी यही रह रहे हैं, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता चुनाव आयोग के साथ मिलकर उनके वोट कटवाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में भाजपा के लिए आम आदमी पार्टी को हराना और अरविंद केजरीवाल को रोकना मुश्किल हो गया है तो गली-गली मोहल्ले में वोट कटवाकर आम आदमी पार्टी को हराने की साजिश कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता नियमों को ताक पर रखकर आवेदन कर रहे और चुनाव आयोग उनका संज्ञान ले रहा है - मनीष सिसोदिया मनीष सिसोदिया ने कहा कि इससे पहले हमने शाहदरा और आरके पुरम विधानसभा के बारे में बताया था। लेकिन आज हम दिल्ली की सात विधानसभाओं का डाटा लेकर आए हैं, जहां लोगों के वोट काटने के लिए बड़ी संख्या में एप्लीकेशन डाली गई हैं, जो वर्षों से उसी पते पर रह रहे हैं जो उनकी वोटर आईडी कार्ड पर लिखा है। लेकिन वहां रहते हुए भी भाजपा इनके वोट कटवा रही है। कई विधानसभाएं ऐसी हैं जहां भाजपा के कार्यकताओं ने कई-कई हजार लोगों के वोट काटने की एप्लीकेशन दी हैं। उन्होंने कहा कि इन सात विधानसभाओं में उन 22 हजार लोगों के वोट काटने की तैयारी की जा रही है, जो वहीं रहते हैं, लेकिन भाजपा की नजर में वह उसके वोटर नहीं होंगे, इसलिए उनके वोट काटने की साजिश रची जा रही है। भाजपा के कार्यकताओं द्वारा तमाम कानून और नियमों का उल्लंघन करते हुए एप्लिकेशन डाली जा रही हैं। और चुनाव आयोग भी उनकी एप्लिकेशन को संज्ञान में ले रहा है। चुनाव आयोग उन एप्लिकेशन के हिसाब से कार्रवाई कर रहा है, जो कि सबसे खतरनाक है। एक विधानसभा में केवल एक बूथ से करीब 13 सौ मतदाताओं में से लगभग आधे वोट काटने की तैयारी की जा रही है। क्योंकि शायद भाजपा को लग गया होगा कि वह इस बूथ पर जीत नहीं पाएगी, या वहां उसके समर्थक नहीं हैं। बाबा साहब समेत लाखों शहीदों ने अपनी जान देकर आजादी दिलाई और जनता को वोट डालने का अधिकार दिलाया- मनीष सिसोदिया मनीष सिसोदिया ने कहा कि मैं भाजपा और साथ-साथ चुनाव आयोग से भी पूछना चाहता हूं कि बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान बनाते वक्त देश के आम आदमी को जो सबसे बड़ा अधिकार दिलवाया, वह था वोट डालने का अधिकार। अंग्रेजों के राज में हमारी सबसे बड़ी पीड़ा यही थी कि हमें वोट डालने का अधिकार नहीं था।

# समाजसेवी तरुण यादव हर किसी की मदद करते हैं और उनकी पत्नी पिछले दो टर्म से निर्दलीय पार्षद हैं- दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ता और मजबूत होता जा रहा है। बुधवार को दिल्ली देहात के प्रख्यात समाजसेवी तरुण यादव अपनी पार्षद पत्नी के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। ह्यआपह्न के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने उन्हें टोपी और पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने तरुण यादव और उनकी पत्नी का ह्यआपह्न परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि इस चुनाव में बहुत से लोगों ने ह्यआपह्न में शामिल होकर चुनावी अभियान को मजबूती देने और केजरीवाल का साथ निभाने का संकल्प लिया है। तरुण यादव के आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। सांसद संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। इस चुनाव में बहुत सारे लोगों ने आम आदमी पार्टी में शामिल होकर पार्टी को और चुनावी अभियान को मजबूती देने और अरविंद केजरीवाल का साथ निभाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में पिछले दस सालों से पार्षद रहीं मीना यादव और तरुण यादव आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। तरुण यादव एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में और लोगों के बीच में अपने सेवा कार्यों से लोकप्रिय हैं। मैं इनका स्वागत करता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि इनके आने से आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी और हमारा पार्टी परिवार और सशक्त होगा और आगे बढ़ेगा। संजय सिंह ने आगे कहा कि अगर इस पूरे चुनावी संघर्ष को देखा जाए तो आज भाजपा ऐसे-ऐसे हथकंडे अपना रही है। अरविंद केजरीवाल अभी चुनाव आयोग से मिलकर आए हैं। एक-एक विधानसभा में भाजपा के 3-4 कार्यकर्ता मिलकर 3-4 हजार वोट कटवा रहे हैं। इस लड़ाई में हम लोगों को मिलकर इनका मुकाबला करना है। वहीं, वरिष्ठ नेता और विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के लिए बहुत खुशी का दिन है। आज हमारे साथ दिल्ली देहात के बहुत ही मजबूत चेहरे तरुण यादव और उनकी पत्नी मीना यादव जुड़ रही हैं। तरुण यादव नजफगढ़ क्षेत्र से पिछले कई सालों से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में काफी एक्टिव हैं। वह हर किसी की मदद करते हैं। उनकी पत्नी मीना यादव पिछले दो टर्म से निर्दलीय पार्षद हैं। इस दौरान तरुण यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की नीति और स्वभाव को देखते हुए मैंने आम आदमी पार्टी जॉइन की है। मैं सभी का धन्यवाद करता हूं और मैं बहुत खुश हूं।

# बीजेपी दिल्ली में लोगों के वोट कटवाकर एक भारतीय नागरिक के रूप में मिले उनके अधिकारों को छीन रही है- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने बड़े पैमाने पर वोट कटवाकर दिल्ली का चुनाव जीतने का षडयंत्र कर रही भाजपा का काला चिट्ठा केंद्रीय चुनाव आयोग के सामने खोलकर रख दिया है। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ चुनाव आयोग से मुलाकात कर तीन हजार पन्नों का सबूत सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल में सीएम आतिशी, संजय सिंह, पंकज गुप्ता, जस्मीन शाह और रीना गुप्ता शामिल रहे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा दिल्ली में लोगों के वोट कटवाकर एक भारतीय नागरिक के रूप में मिले उनके अधिकारों को छीन रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई विधानसभाओं में हजारों मतदाताओं के नाम काटने की एप्लिकेशन दी है और चुनाव आयोग उस पर चोरी-छिपे काम कर रहा है। हालांकि केंद्रीय चुनाव आयोग ने हमारी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एक्शन लेने का आश्वासन दिया है। ज्यादातर झुग्गियों और कच्ची कालोनियों में रहने वाले गरीब, दलितों, पूर्वांचलियों के वोट कटवाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है- केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम लोग चुनाव आयोग के आभारी हैं कि उन्होंने शॉर्ट नोटिस पर हमें मिलने का समय दिया। हमने चुनाव आयोग के सामने तीन हजार पेज के सबूत रखे कि किस तरह भाजपा दिल्ली के मौजूदा लोगों, जो लोग अपने घरों में कई सालों से रह रहे हैं, उन लोगों के बहुत बड़े स्तर पर हजारों की तादाद में वोट कटवाने का षड्यंत्र रच रही है। ज्यादातर गरीब, एससी, दलितों, पूर्वांचलियों, जो झुग्गियों और कच्ची कॉलोनियों में रहते हैं, ऐसे लोगों के वोट कटवाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। आप सोच सकते हैं कि एक आम आदमी के लिए एक वोट का क्या मायना होता है। एक वोट बनने से वह इस देश का नागरिक बनता है। तो जब आप किसी वैध आदमी का वोट कटवा देते हैं, तो आप उसका नागरिकता का आधार छीन रहे हैं। इस देश में रहने का अधिकार छीन रह रहे हैं। इसके अलावा, वोट के आधार उस आदमी को बहुत सारे बैनिफिट सरकार से मिल रहे हैं, उन सारे बैनिफिट से आप उन्हें वंचित कर देते हैं। कई विधानसभाओं में भाजपा के चंद कार्यकताओं ने बड़े स्तर पर नाम कटवाने के लिए आवेदन किया है - केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने आज चुनाव आयोग के सामने रखा कि कैसे शाहदरा में भाजपा के एक पदाधिकारी ने चोरी छिपे 11008 वोटर्स की लिस्ट कटवाने के लिए चुनाव आयोग को लिस्ट दी और चुनाव आयोग ने चोरी छिपे इसके ऊपर काम करना चालू कर दिया। हमने उनके सामने रखा कि जनकपुरी में 24 भाजपा के कार्यकताओं ने 4874 वोट काटने के लिए आवेदन किया है। तुगलकाबाद में भाजपा के 15 वर्कर्स ने 2435 वोट काटने के लिए आवेदन किया है। तुगलकाबाद के एक पोलिंग बूथ की कहानी बहुत ही अजीबो-गरीब है। बूथ नंबर 117 पर 1337 कुल वोट हैं। उन 1337 में 554 वोट काटने के लिए 2 लोगों ने आवेदन किया है। यानि कि इन लोगों ने एक ही बूथ के 40 फीसदी वोट काटने के लिए आवेदन किया है। पालम में भाजपा के 9 कार्यकताओं ने 1641 वोट काटने का आवेदन किया है। राजौरी गार्डन में 6 भाजपा के कार्यकताओं ने 571 वोट काटने का आवेदन किया है। हरि नगर में भाजपा के 4 कार्यकताओं ने 637 वोट काटने का आवेदन किया है। करावल नगर में दो कार्यकताओं ने 3260 वोट काटने का आवेदन किया है। मुस्तफाबाद में एक ही व्यक्ति ने 534 वोट काटने का आवेदन किया है। जिन लोगों ने गलत तरीके से वोट काटने के लिए आवेदन किया है, उनके खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए - केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी मांग थी कि यह मांस डिलीशन बंद किया जाए। अभी-अभी चुनाव आयोग ने समरी रिवीजन किया है, मांस डिलीशन बंद किया जाए। जिन-जिन लोगों ने इस किस्म के आवेदन किया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। चुनाव आयोग ने हमें मोटे-मोटे तौर पर तीन-चार आश्वासन दिए हैं। पहला तो यह कि अब चुनाव से पहले कोई मांस डिलीशन नहीं किया जाएगा। दूसरा यह कि अगर कोई भी डिलीशन किया जाता है तो वह लिस्टों के आधार पर नहीं किया जाएगा, किसी को भी अगर डिलीशन कराना है तो उसे फॉर्म 7 भरना पड़ेगा, उसी के आधार पर डिलीशन होगा। और अगर चुनाव आयोग तय करता है कि कोई डिलीशन होना है, तो उस पर पहले फील्ड इनक्वायरी होगी। फील्ड इनक्वायरी में बीएलओ अपने साथ बाकी पार्टियों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों को भी लेकर जाएंगे। तो सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ फील्ड इनक्वायरी होगी और उस इनक्वायरी के बाद ही किसी का नाम काटा जाएगा। यह चुनाव आयोग का बहुत बड़ा आश्वासन है। अगर ऐसा होता है तो हमें लगता है कि गलत डिलीशन सारे बंद हो जाएंगे। पांच से ज्यादा वोट काटने का आवेदन देने के मामले में एसडीएम को मौके पर जाकर जांच करनी होगी- केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग ने यह भी भरोसा दिया कि अगर कोई एक आदमी पांच से ज्यादा डिलीशन के लिए आवेदन करता है, तो उस मामले में एसडीएम को खुद फील्ड इनक्वायरी के लिए जाना पड़ेगा और फील्ड इनक्वायरी में बाकी पार्टियों के लोग भी साथ जाएंगे। हमने जब जोर दिया तो चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि जिन लोगों ने फर्जी डिलीशन के लिए आवेदन दिया है, चुनाव आयोग उनके ऊपर एफआईआर करने पर विचार करेगा।

# आबकारी मामला: उच्च न्यायालय केजरीवाल की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर जनवरी में सुनवाई करेगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई की तारीख बुधवार को 17 जनवरी 2025 तय की। ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की अनुपलब्धता के कारण मामले की सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने मामले की ह्यअत्यंत तात्कालिकता का हवाला देते हुए इस अनुरोध का विरोध किया। चौधरी ने कहा कि एजेंसी को अपनी याचिका वापस ले लेनी चाहिए और अदालत को जमानत देने संबंधी निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर लगी रोक हटा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, आप मेरे सिर पर तलवार नहीं लटका सकते। हालांकि, ईडी के वकील ने कहा कि केजरीवाल पहले से ही उच्चतम न्यायालय के आदेश के तहत जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ने 12 जुलाई को धन शोधन मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी थी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ह्यगिरफ्तारी की जरूरत और अनिवार्यताह्न के पहलू पर तीन सवाल बड़ी पीठ को भेज दिए थे। केजरीवाल को 20 जून को निचली अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी, जिस पर बाद में उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। केजरीवाल को ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने क्रमशः 21 मार्च और 26 जून को धन शोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तार किया था। दिल्ली के उपराज्यपाल ने आबकारी नीति बनाने और उसके क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे जिसके बाद 2022 में नीति को रद्द कर दिया गया था।

## राउज स्टडी सर्किल के सीईओ और समन्वयक की अंतरिम जमानत पर सीबीआई जवाब दे: उच्च न्यायालय



नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय अधिकारी (सीईओ) एवं समन्वयक याचिका पर बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार की याचिका पर सीबीआई और कोचिंग समन्वयक देशपाल सिंह को नोटिस व्यक्तियों को यह राहत प्रदान की थी। भारी बारिश के बाद ह्यराउज आईएएस तथा सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और ने राउज आईएएस स्टडी सर्किल के मुख्य कार्यकारी को मिली अंतरिम जमानत के विरूद्ध दायर की गयी ब्यूरो (सीबीआई) से उसका रूख जानना चाहा। इस जाने पर सिविल सेवा परीक्षाओं के तीन अभ्यर्थियों की शर्मा ने जान गंवाने वाले विद्यार्थियों में से एक के पिता सेंटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक गुप्ता एवं जारी किया। अधीनस्थ अदालत ने 23 सितंबर को दोनों मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई को स्टडी सर्किल की इमारत के बेसमेंट में पानी भर गया था कर रहे अभ्यर्थियोंह्न उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), केरल के नेविन डेल्विन (24) की मौत हो गयी थी। इनेविन के पिता जे डेल्विन सुरेश ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह अंतरिम जमानत को दरकिनार कर दोनों आरोपियों को सीबीआई की हिरासत में भेजे। हाल में अंतरिम जमानत की अवधि 31 जनवरी, 2025 तक बढ़ा दी गयी। मामले की अगली सुनवाई जनवरी, 2025 में होगी।

# दिल्ली पुलिस में बड़ा फेरबदल, कई अधिकारी इधर से उधर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस में बुधवार को कई बड़े फेरबदल किए गए। इसके तहत एसीपी रैंक के अधिकारियों, थानों के एसएचओ और इंस्पेक्टर लेवल के कई अधिकारियों का तबादला किया गया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, बाराखंबा रोड के एसीपी अतुल कुमार वर्मा को स्पेशल सेल भेजा गया है, जबकि एसीपी विनय कुमार रस्तोगी को एजीपीओ सदर बाजार से नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट भेजा गया है। एसीपी एसडीपीओ सीलमपुर संजय शर्मा को नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट भेजा गया है। एसीपी एसडीपीओ भजनपुरा चंद्रकांता को पीआरओ पुलिस हेड क्वार्टर में लगाया है। एसीपी एजीपीओ अमन विहार मधुर राकेश को रोहिणी डिस्ट्रिक्ट भेजा गया है। एसीपी एजीपीओ सरिता विहार योगेश मल्होत्रा को डीसीए भेजा गया है। इसके अलावा, एसएचओ और इंस्पेक्टर रैंक के कई अधिकारियों का तबादला किया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि फेरबदल ऐसे वक्त में किए गए हैं, जब आम आदमी पार्टी लगातार कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते दिल्ली की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्रालय की है। राज्य में अगले साल के आरंभ में होने वाले चुनाव से पहले ये फेरबदल किए गए हैं।

हाल ही में जब दिल्ली के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, तो दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली की खराब कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा था।

आप नेताओं ने अपने पोस्ट में कहा था कि केंद्र सरकार दिल्ली की कानून-व्यवस्था को संभाल पाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।

### दिल्ली मेट्रो में केबल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दिल्ली मेट्रो में तार चोरी करने वाले 11 सदस्यीय गिरोह के कथित चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (परिवहन) विजय सिंह ने बताया, हमें दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) से पांच दिसंबर को तार चोरी होने के बारे में शिकायत मिली थी। चोरी के कारण मोती नगर और कीर्ति नगर स्टेशन के बीच ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं बाधित हो गईं थीं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की और दो वाहनों पर जांच केंद्रित किया। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यहमने वाहनों का पता लगाया और 11 लोगों के एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।


# एयरपोर्ट पुलिस दलालों के खिलाफ कस रही है शिकंजा

# 11 महीने में 540 गिरफ्तार, 254 गाड़ियां भी हुई जब्त

- 373 दिल्ली के, 107 यूपी के, 32 हरियाणा, 11 बिहार के
- बाकी राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, सिक्किम के

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





वर्ल्ड क्लास आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोजाना हजारों की संख्या में हवाई यात्री दूसरे देशों से भारत आते हैं। वो एयरपोर्ट से बाहर निकलकर होटल में या अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए निकलते हैं। इस दौरान उन्हें किसी तरह की और असुविधा न हो दलालो के चक्कर में फंसकर वह मिस गाइड न हों या फिर उनके चक्कर में फंसकर ठगी का शिकार ना हों इसको लेकर लगातार एयरपोर्ट पुलिस दलालों के पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चला रखी है। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि अब तक 540 दलालों को अरेस्ट किया जा चुका है। साथ ही उनकी 254 गाड़ियों को भी जप्त किया जा चुका है। यह कार्रवाई लगातार चल रही है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 2023 के मुकाबले इस बार लगभग 2 गुना अधिक गिरफ्तारी की गई है। 2023 में 264 दलालों को अरेस्ट किया गया था और 96 गाड़ियों को जप्त किया गया था।

जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत लगातार एयरपोर्ट पुलिस कार्रवाई कर रही है। जिससे कि एयरपोर्ट की जो छवि है वर्ल्ड में वह खराब ना हो और दूसरे देशों से आने वाली हवाई यात्री इन दलालों के चंगुल में न फंस सकें। सक्रिय दलाल हवाई यात्री को टारगेट करते हैं, खास करके रात के समय में उन्हें चिप रेट पर सर्विस का प्रलोभन देकर उन्हें मिस गाइड करते हैं। बाद में उन्हें हरास करते हैं और और उनके साथ फाइनेंशियल एक्सप्लोइटेशन भी करते हैं।

ऐसे दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कानूनी प्रावधान भी है।

डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 540 दलालों में 373 दिल्ली के, 107 उत्तर प्रदेश के, 32 हरियाणा के, 11 बिहार के और बाकी राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और सिक्किम के रहने वाले आरोपी हैं।

इसलिए लगातार फूट पेट्रोलिंग, मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग के अलावा ज्वाइंट ऑपरेशन भी चलाया जाता है।

जिससे कि लगातार इनके खिलाफ करवाई होती रहे। पुलिस के अनुसार एक दो बड़े ऐसे मामलों में एयरपोर्ट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें मोटी रकम ठग ली गई थी।

सितंबर में विदेशी नागरिक से 98700 ठग लिए गए थे, जब वह हवाई यात्री रात के समय एयरपोर्ट पहुंचा था। दलालों ने यह कहकर ठगी किया कि दिल्ली में हैवी प्रोटेस्ट हो रहा है और उस वजह से होटल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद है।

उसकी जगह बेहतर इंतजाम करने के बदले मोटी रकम ठग लिया था। उस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार लोगों को गिरफ्तार किया था और उनसे कैश भी बरामद किया गया था।

इसी तरह की कई कार्रवाई पुलिस टीम कर चुकी है, जिसमें दलालों ने हवाई यात्रियों को बेवकूफ बनाकर उनसे ठगी किया था।

# दिल्ली वक्फ बोर्ड धन शोधन मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को जमानत दी

नई दिल्ली, । उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड धन शोधन मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों को जमानत दे दी। न्यायालय ने उनके लंबे समय से जेल में रहने तथा निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की संभावना नहीं होने को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि जीशान हैदर और दाउद नासिर 11 नवंबर, 2023 को गिरफ्तारी के बाद से जेल में हैं और उनके खिलाफ अब तक आरोप भी तय नहीं किए गए हैं। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता लगभग एक वर्ष और एक महीने से हिरासत में हैं। पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत दायर शिकायत में आरोप तय नहीं किए गए हैं। शिकायत में 29 गवाहों का हवाला दिया गया है और लगभग 50 दस्तावेजों का जिक्र किया गया है जो 4,000 से अधिक पृष्ठों में हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, ह्यह्यअब तक आरोप भी तय नहीं किए गए हैं, इसलिए मुकदमा जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है। मामले के तथ्यों और अपीलकताओं के हलफनामों एवं सेंथिल बालाजी के मामले में इस न्यायालय के फैसले के मद्देनजरह्न अपीलकताओं को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। इसके बाद पीठ ने दोनों आरोपियों को जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए एक सप्ताह के भीतर विशेष अदालत के समक्ष पेश करने और उचित शर्तों पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया, जिसमें शीर्ष अदालत में दायर किए गए हलफनामों का अनुपालन भी शामिल है। पीठ ने कहा कि अपीलकताओं द्वारा उसके समक्ष दायर छह दिसंबर और नौ दिसंबर, 2024 के हलफनामा रिकॉर्ड का हिस्सा होंगे और उनका अनुपालन जमानत की शर्त होगी। पीठ ने कहा, अगर अपीलकताओं की ओर से किसी कृत्य या चूक के कारण शिकायत की सुनवाई में देरी होती है, तो प्रतिवादी (ईडी) के लिए विशेष अदालत के समक्ष जमानत रद्द करने का आवेदन करने का मार्ग खुला होगा। दिल्ली वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान इस मामले में मुख्य आरोपी थे और हाल में उन्हें निचली अदालत से राहत मिली थी, जिसने उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। ईडी ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। हैदर और नासिर को ईडी ने नवंबर 2023 में दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया था। यह मामला दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज कई शिकायतों और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से सामने आया है।

## आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड द्वारा एनएसई का लिस्टिंग समारोह

नई दिल्ली : उन्नत इंजीनियरिंग समाधानों के अग्रणी वैश्विक प्रदाता, आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड ने अपनी सूची के साथ एक नया मोड़ चिह्नित किया है। उसी के उपलक्ष्य में, 27 नवंबर, 2024 को एनएसई एक्सचेंज प्लाजा, सी-1, ब्लॉक जी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 पर सुबह 8:15 बजे से समारोह हुआ ह्नहम नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह न केवल गर्व का क्षण है, बल्कि हमारे भागीदारों और हितधारकों से हमें लगातार मिले विश्वास और समर्थन का भी प्रमाण है।


**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

**सं. आरएस(पोल)/58/0501/2/2023** **नई दिल्ली, दिनांक : 11.12.2024**

**विषय** : हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की खरीद के लिए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ई–निविदा सं. 2024 एचएसडी टीसी के लिए ई–निविदा सूचना।

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (सी), रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई–निविदा आमंतित्र करते है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सं. | 2024 एचएसडी टीसी |
| 2. | कार्य का नाम | हाई स्पीड डीजल (एचएसडी)/बायो डीजल मिश्रित एचएसडी: आईएस: 1460 के अनुरूप (नवीनतम संशोधन) |
| 3. | अनुमानित मात्रा लीटर में | 2.3 लाख किलोलीटर |
| 4. | निविदा लागत | शून्य |
| 5. | बयाना | 50 लाख रू. |
| 6. | ई–निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 02.01.2025 को 14:00 बजे |
| 7. | पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई–निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेलवे बोर्ड

3807/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर के तारडीह गांव से एक वारंटी को किया गिरफ्तार



गिद्धौर। थाना क्षेत्र के तारडीह गांव से गिद्धौर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तारडीह गांव निवासी रामजतन मांझी को न्यायालय से निर्गत अजमानतीय वारंट के आधार पर थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक पंकज कुमार द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने शव बरामद किया

बरियारपुर/ मुंगेर। मुंगेर जिलांतर्गत हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में मुसहरी के पीछे पानी का कछाड़ में एक व्यक्ति का शव को ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद इस बात की सूचना गांव में आग की तरह फैल गईं। जब मृतक की पहचान की गई तो मृतक की पहचान गांव के 50 वर्षीय परशुराम सिंह के रूप में हुआ। इस मामले में परिजनों ने बताया कि मृतक के तीन लड़का एक लड़की और वह किसानी का काम किया करते है। और कल मंगलवार को शाम सात बजे घर से मुसहरी के तरफ निकले थे तब से ये घर वापस नहीं आय। आज आज इनका शव मुसहरी के पीछे पानी के कछाड़ में मिला। परिजनों ने बताया कि की इनकी मौत नहीं हत्या की गई है। पहले से भी कई लोगों से इनकी दुश्मनी है। इसको ले थाना में कई लोगों पे शक जाहिर करते हुए हत्या का आवेदन भी दे दिया गया है। हत्या की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। साथ ही परिजनों के द्वारा दिए आवेदन के अतिरिक्त भी पुलिस अन्य कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर हुई मौत

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर - मुंगेर मुख्यमार्ग पर बादशाही पुल पर मोटरसाइकिल सवार ट्रक के चपैट में आने से बाईक सवार के घटना स्थल पर ही मौत हो गया। मोटर साईकिल चालक अचेत अवस्था में बरियारपुर पुलिस के सहयोग से ईलाज के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर पहुंचायें गये। घटना के संम्बन्ध में बताया जाता है कि मोटर साईकिल सवार बांका से चलकर अपने घर वापसी के क्रम में बादशाही पुल के मध्य भाग में ट्रक संख्या ठछ 01अउ2112 के चपेट में आने से शिर कुचल जाने से सवार 35 वर्षीय रंजीत राय पिता स्वर्गीय सुधीर राय के घटनास्थल पर मौत हो गई वही 40 वर्षीय रोहन राय पिता रामदेव राय को अचेत अवस्था में मे बरियारपुर पुलिस के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 112 के सहयोग से पहुंचाया गया।

### बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के 6 छात्रों का एविओट्रॉन एयरोस्पेस में चयन

पटना। बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण दिया है। कॉलेज के छह होनहार छात्रों का चयन एयरोस्पेस कंपनी एविओट्रॉन एयरोस्पेस में लगभग 4.2 लाख पर हुआ है। इस सफलता से कॉलेज में उत्सव का माहौल है, और यह न केवल छात्रों बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। चयनित छात्रों के नाम : महिमा यादव, मोहम्मद अश्मीर जमाल, सुशांत प्रसाद, तेजी कुमारी, विनीत विशाल, विनीत कुमार झा। प्राचार्य डॉ.कुमार सुरेंद्र ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ह्लयह उपलब्धि न केवल इन छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि हमारे संकाय और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग की निरंतर प्रयासों का भी साक्ष्य है। यह हमारे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, और हमें गर्व है कि हमारे छात्र एयरोस्पेस कंपनी का हिस्सा बन रहे हैं। कॉलेज के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) राजीव रंजन और असिस्टेंट ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. विकाश कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी लगन और कड़ी मेहनत का नतीजा है। प्रो. राजीव रंजन ने कहा,हमने छात्रों को सही दिशा और अवसर प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया, और उनका चयन यह दशार्ता है कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। संस्थान के मीडिया प्रभारी प्रो. विकाश कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करना है। ये छात्र हमारे कॉलेज का गौरव हैं।

# विशेष केंद्रीय सहायता मध्य से हो रहे गिद्धौर के महुली मोड़ से सरसा गांव जाने वाली सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में रोष

## निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने को ले सरसा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को आवेदन भेज की शिकायत







**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर। प्रखंड अंतर्गत सरसा गांव के ग्रामीणों ने स्थानीय क्षेत्र अभियंता संगठन कार्य प्रमंडल जमुई द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता मध्य से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने के मामले में जिलाधिकारी महोदय को पत्र भेज सड़क निर्माण कार्य को मनक के अनुरूप कराये जाने की मांग की है।

स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि सड़क निर्माण में विभाग के द्वारा निर्माण कार्य कराया जाना है, जबकि उक्त स्थल पर बिचोलियों के माध्यम से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को देखते हुए भी विभाग के कनीय अभियंता तथा सहायक अभियंता के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराये जाने को लेकर टालमटोल से क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।जबकि बीते कुछ दिनों पूर्व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कार्य में बरती जा रही लापरवाही एवं अनियमितता की ग्रामीणों से मिली शिकायत पर कार्यपालक अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया था साथ ही उन्होंने कनीय अभियंता तथा सहायक अभियंता को निर्देश दिया था कि उक्त सड़क निर्माण के कार्य को विभाग के देखरेख में कराया जाय। लेकिन विभागीय अधिकारियों के कड़े निर्देश के बावजूद भी सड़क निर्माण कार्य स्थल पर कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है।

उक्त सड़क निर्माण में बरती गयी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ग्रामीण सड़क की महत्ता को देखते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में यह भी बताया कि यह सड़क जो एक गांव से दूसरी गांव को जोड़ने का कार्य करती है। इधर सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में सुधार को लेकर ग्रामीण बिनोद पासवान, अजित यादव, राकेश भगत, मुन्ना भगत, दरोगी पासवान, शंभु ठाकुर, मंजू देवी, चंपा देवी, सुरेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, महादेव यादव, महेंद्र यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायती आवेदन भेज महुली मोड़ से सरसा गांव जाने वाली सड़क निर्माण को गुणवत्ता कराये जाने की मांग की है।

# जमीनी हाल जानने के बाद शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए बनेगा प्लान, स्कूल की गतिविधियां, अनुशासन व स्वच्छता का होगा आकंलन

**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर। नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से पहले मार्च में राज्य के सभी स्कूलों की रैंकिंग कर सरकार शिक्षा व्यवस्था का वास्तविक जमीनी हाल जानेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा कई मापदंडों के आधार पर रैंकिंग देने की योजना को अमल में लाने की तैयारी हो रही है। विभाग का कहना है कि राज्य में स्कूली शिक्षा में और बेहतर सुधार लाने का सरकार का यह एक्शन प्लान है।

इस प्लान के जरिए पहली बार सरकारी विद्यालयों की रैंकिंग करने का अहम निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से स्कूली शिक्षा और छात्र-छात्राओं के समग्र विकास पर जोर रहेगा।इसको लेकर सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने की प्राथमिकता भी दी जाएगी। रैंकिंग के लिए तय फार्मेट में शिक्षा, को-करिकुलर एक्टिविटीज, स्वच्छता, अनुशासन, रिसोर्स यूटिलाइजेशन, शिकायत निवारण आदि विशिष्ट मापदंडों को आधार बनाया गया है। इसी आधार पर प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग रैंकिंग की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर विभाग के फैसले के बारे में अवगत कराया है। पत्र में कहा गया है कि सभी विद्यालयों की रैंकिंग निर्धारित मापदंडों के आधार पर साल में दो बार की जाएगी।

**हर साल मार्च और नवंबर में पूरा करना होगा कार्य:** हर साल मार्च और नवंबर में रैंकिंग कार्य पूरा करना होगा। तय फॉर्मेट में शिक्षा, को-करिकुलर एक्टिविटीज, स्वच्छता, अनुशासन, रिसोर्स यूटिलाइजेशन, शिकायत निवारण आदि विशिष्ट मापदंडों के आधार पर प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग रैंकिंग की जाएगी। सरकार ने फैसला नीति आयोग द्वारा स्कूली शिक्षा क्षेत्र में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए विकसित स्कूल एजुकेशनल क्वालिटी इंडेक्स के चलते लिया है। इस इंडेक्स का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ताकत व कमजोरियों की पहचान करने और जरूरी पाठ्यक्रम सुधार या नीतिगत हस्तक्षेप करने शिक्षा नीति पर परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना है।

**प्रत्येक विद्यालय की शिक्षकों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट भी अनिवार्य:** शिक्षा विभाग के मुताबिक प्रत्येक विद्यालय की रैंकिंग 100 अंकों की होगी और शिक्षकों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट के लिए यह अनिवार्य भी होगी। इसका उद्देश्य छात्रों को समग्र शिक्षा के लिए गुणवत्ता में सुधार करना है और इसके लिए शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है। टॉप करने वाले संस्थानों का वर्गीकरण करने के लिए विद्यालयों को उनकी रैंकिंग के आधार पर स्टार आवंटित किए जाएंगे। जैसा कि यूजीसी ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए किया है। विद्यालयों की इस स्टार रेटिंग का उद्देश्य उन्हें आकांक्षी और गुणवत्ता के प्रति जागरूक बनाना है, जिससे छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा देने के लिए बढ़िया माहौल तैयार होगा।

**नंबर के आधार पर विद्यालयों को मिलेंगे स्टार**

- 85 से 100 के बीच अंक लाने वाले टॉप विद्यालयों को पांच स्टार मिलेंगे।
- 75 से 84 अंक लाने वाले विद्यालयों को चार स्टार मिलेंगे।
- 50 से 74 अंक लाने वाले विद्यालयों को तीन स्टार मिलेंगे।
- 25 से 49 अंक लाने वाले विद्यालयों को दो स्टार मिलेंगे।
- शून्य से 24 अंक लाने वाले विद्यालयों को एक स्टार दिए जाएंगे।

# दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली नहीं, तो एक्स रे नही मरीज होते हैं परेशान

**प्रात : किरण संवाददाता**



गिद्धौर। इन दिनों दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज अपनी परेशानी को लेकर आते हैं, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र खुद ही बीमार हो जाता है, तो मरीज का इलाज कैसे होगा। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बना हुआ है जहां बिजली नही रहने पर एक्स रे सुविधा ठप पड़ जाता है। बुधवार को स्वास्थ्य केंद्र में पूरे दिन मरीज का एक्स रे रुक रुक कर हुआ, जिसकी वजह से मरीजों को काफी जहमत उठानी पड़ी।बताते चलें कि बिजली की आपूर्ति ठप रहने के कारण यहां एक्स रे सुविधा बाधित हो जाती है, जबकि अस्पताल में विद्युत व्यवस्था को लेकर जेनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था है, बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों को यहां एक्स रे मशीन का लाभ नही मिल पा रहा है। ठंड के मौसम होने के कारण खांसी, बुखार, जोड़ों में दर्द, एक्सीडेंट से परेशान मरीज आदि के साथ अन्य इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं, मरीजों द्वारा बताया जा रहा है पूरे दिन बिजली के अभाव में एक्स रे मशीन नहीं चला, ऐसे में मरीजों को इधर उधर भटकना पड़ा। अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों से बात की गई तो वे अपने आप को असहाय बताते नजर आए, उनका कहना था कि बिजली से ही एक्स रे मशीन चल पाता है, यहां जेनरेटर तो लगा है, लेकिन उसकी क्षमता कम होने के कारण एक्स-रे मशीन नहीं चल पाता है। बता दे की अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था तो यहां मिल रही है लेकिन यहां इन दिनों इलाज को लेकर आने वाले मरीजों के बीच सुविधाओं का टोटा है। अब भी अस्पताल में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था नहीं हो पायी है। वहीं अस्पताल में मरीजों के जांच के लिए कई आधुनिक मशीन भी लगाए गए हैं, ताकि मरीजों का स्वास्थ्य जांच समय पर हो सके, लेकिन विडंबना यह है कि अस्पतल में लगे इन मशीन को चलने के लिए बिजली ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है। लाइन कटने के बाद सब मशीन नाकाम हो जाता है। वहीं बिजली के नहीं रहने से मरीज को भी अपना स्वास्थ्य जांच कराने के लिए बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है।

**कहते हैं प्रभारी सिविल सर्जन:** इस संदर्भ में सिविल सर्जन के प्रभार में चल रहे सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नौसाद अहमद ने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधक से मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डीसी चालू करवा व्यवस्था को बहाल करवा दिया जाएगा। वही इस संबंध में स्वास्थ्य प्रबंधक प्रियंका राव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई भी बरिए पदाधिकारी के कह देने से डीसी चालू नहीं कर देंगे क्योंकि डीसी का क्षमता उतना नहीं है जो हम चालू करवा सके।

# नीति और नियत बिहार में नीतीश कुमार का चलता है: गुड्डू राईन

**प्रात : किरण संवाददाता**

मुंगेर। बिहार के मुस्लिम समुदाय की तरक्की के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखा हुआ है। श्री कुमार अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए किसी के साथ समझौता नहीं करते हैं उन्होंने 27 हजार उर्दू शिक्षकों की बहाली भाजपा के साथ रहकर किया है।

यह बातें बुधवार को हवेली खड़गपुर प्रखंड अल्पसंख्यक एवं जिला अल्पसंख्यक के संयुक्त तत्वाधान में मुंगेर जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शाहिद अख्तर उर्फ गुड्डू राईन के अभिनंदन सह सम्मान समारोह के मौके पर उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा है। जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लिए 10 सूत्री कार्यक्रम का प्रस्ताव लाए और 10 सूत्री कार्यक्रम के फाइल को नितिश कुमार ने दवा कर नहीं रखा और उस फाइल को तुरंत पास कर कर उन्होंने अमली जामा पहनाया है। उन्होंने भागलपुर दंगा का जिक्र किया और कहा कि नीतीश कुमार ने सभी दंगा से पीड़ित पक्ष को चार-चार लाख रुपए का अनुग्रह राशि दिए हैं श्री कुमार ने दंगा से प्रभावित लोगों को पेंशन देने का काम किए हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के शिक्षा विकास के लिए हर संभव प्रयास किए हैं इसलिए आप लोग किसी अन्य दल के बहकावे में ना आकर बिहार की तरक्की के लिए पुनः 2025 में जदयू भाजपा गठबंधन के लिए तीर निशाना पर मतदान कर नीतीश कुमार को पुनः एक बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का काम करेंगे जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए दावे के साथ कहा कि 2025 के चुनाव बाद नितिश कुमार को छोड़कर कोई माई का बेटा बिहार का मुख्यमंत्री नहीं बन पाएगा। बिहार में नीतीश कुमार का नीति और नियत चलता है मोहम्मद गुड्डू राईन ने हवेली खड़गपुर वफ्फ बोर्ड के जमीन पर जी प्लस 3 का भवन निर्माण प्रस्ताव पारित करने का वादा किया है उन्होंने अकलियत समुदाय से आह्वान किया कि जो आपकी नजर में अच्छा व्यक्ति हो उसे ही अपना वोट करें बिहार में 70% आबादी हम लोगों का है उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुंगेर जिला के खान खाह के माध्यम से एकमात्र वोट मिला लेकिन हमारे सांसद ललन सिंह ने खान खाह विकास के विभिन्न योजनाओं में 40 लख रुपए का अनुशंसा किए हैं। इस सम्मान समारोह के मौके पर जदयू जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल मंडल ने कहा कि जब तक बिहार में नीतीश कुमार रहेंगे बिहार के अकलियत अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सुरक्षित रहेंगे। उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

# कुशल युवा प्रोग्राम अंतर्गत लक्ष्य के विरुद्ध कम हुए निबंध पर डीएम ने बिंदु वार चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश

**प्रात : किरण संवाददाता**




मुंगेर। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित कुशल युवा प्रोग्राम की वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि के बिंदुओं पर एक बैठक का आयोजन बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय संवाद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कुशल युवा प्रोग्राम अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध कम हुए निबंधन पर बिंदु वार चर्चा की गयी। संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप निबंधन कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली, डीआरसीसी प्रबंधक सुनीरा प्रसाद, डीपीओ शिक्षा सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में वर्तमान में कुशल युवा प्रोग्राम के वर्तमान वित्तीय लक्ष्य 19500 के विरुद्ध 10594 आवेदकों के निबंधन पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए, तत्काल लक्ष्य के अनुरूप निबंधन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला अंतर्गत अवस्थित सभी विद्यालयों के प्रधानों को प्रत्येक विद्यालय के दो सौ आवेदकों का निबंधन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को विद्यालयवार छात्र-छात्राओं को डीआरसीसी जा कर निबंधन कराना सुनिश्चित करें, ताकि डीआरसीसी से संबंधित इन योजनाओं की रैंकिंग में आई गिरावट को सुधारा जा सके। उन्होंने डीआरसीसी प्रबंधक को भी यहां संचालित सभी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया।

इसके लिए जिलाधिकारी ने प्रत्येक स्कूल में शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को योजनाओं से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही शिविर का आयोजनकर शेष बचे छात्र-छात्राओं के निबंधन का निर्देश डीआरसीसी प्रबंधक को दिया।

# सोनपुर मेला : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का स्टॉल पर खरीदारों की भीड़

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। सोनपुर मेला में लगा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का स्टॉल, डिजिटाइज्ड नक्शों की बिक्री के कारण रैयतों की पहली पसंद बना हुआ है। सोनपुर मेला में 4230 आवेदकों ने कुल 10763 शीट्स की खरीद किया है जिससे विभाग को 1614450.00 रुपए की आय हुई है। राजस्व नक्शों की बिक्री के लिए स्टॉल में 2 काउंटर बना हुआ है। सुबह से ही दोनों काउंटर पर लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। मेला शुरू होने के करीब एक माह होने के बावजूद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टॉल का आकर्षण कम नहीं हुआ है। दोनों काउंटर पर सीएस, आरएस, चकबंदी एवं म्युनिसिपल सर्वे नक्शा उपलब्ध है। इन नक्शों को 150 रुपए प्रति शीट का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। भुगतान नकद किया जाता है। छोटे गांव का नक्शा एक शीट में जबकि बड़े गांव का नक्शा एक से अधिक शीट में मिलता है। राजस्व नक्शों को ।शून्य आकार के बड़े पेपर पर प्रिंट किया जाता है। इसमें प्लॉट का आकार ऑन स्केल होता है। इसकी मदद से रैयत अपनी जमीन की मापी करा सकता है। इसलिए इस नक्शे की बहुत मांग होती है।

# जमुई प्रखंड के आहर-पइनों का होगा जीर्णोद्धार, 3,310.13 लाख रुपये का आबंटन





**प्रात : किरण संवाददाता**

जमुई। जमुई जिले में कृषि को सशक्त बनाने और हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से लघु जल संसाधन विभाग ने जमुई प्रखंड के आहर-पइनों के जीर्णोद्धार के लिए 3,310.13 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। यह पहल क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत प्रदान करेगी और सिंचाई की समस्या को दूर करेगी।

**जीर्णोद्धार के लिए चुने गए आहर और पइन:** आहर-पइन ग्रामीण जल प्रबंधन का अहम हिस्सा हैं। यहां जीर्णोद्धार के लिए चुने गए प्रमुख आहर और पइन, तथा उनके लिए स्वीकृत राशि निम्नलिखित है जिनमें छोटकी आहर - 132.19 लाख, महादेव आहर - 104.83 लाख, कानू टोला से गरभूस्थान तक पइन निर्माण -23.95 लाख, कनौली आहर - 76.67 लाख, सोनपे आहर - 120.04 लाख, बड़की आहर (पुतेरिया) -39.65 लाख, घोराही 154 आहर - 68.16 लाख, तेलिया 374 आहर - 57.83 लाख, भलुआही आहर - 55.32 लाख, सिहोचक पक्का नाला - 45.35 लाख, बड़की (सुग्गी) 789 आहर - 119.37 लाख, नारायणपुर आहर -39.96 लाख, बड़की आहर पइन (कुसाही पोखर) - 101.13 लाख, पहाड़ी आहर 375-401 - 64.52 लाख, तेतरिया 1338-1332 आहर - 124.17 लाख, बरहजाता आहर - 106.01 लाख, पाण्डेय 948 आहर - 72.91 लाख, बड़की आहर -101.33 लाख, आमडीह आहर - 56.32 लाख, बड़की आहर (कोंपल) - 142.76 लाख, पैलवा 1289-1290 आहर - 175.22 लाख, काकन मंझवे पइन - 74.37 लाख, कटही आहर - 29.40 लाख, मूसन 312 आहर - 31.68 लाख, हथियावाद 327 आहर - 74.37 लाख, मद्यवाही पइन - 28.11 लाख, डंगरा आहर - 119.93 लाख, कोल्हुआ (पोखर), बैरिया से बड़िया आहर, पंचनख शिमरा और दरगाह आहर -1,124.58 लाख राशि स्वीकृत की गई है।

**प्रभाव और लाभ:** इस योजना का उद्देश्य जमुई के कृषि क्षेत्र में जल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इससे सिंचाई व्यवस्था सुधरेगी और किसानों को फसल उत्पादन में मदद मिलेगी।

योजना से 28 प्रमुख आहर और पइन का जीर्णोद्धार होगा। सिंचाई की सुविधा बढ़ने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**प्रशासन का प्रयास:** लघु जल संसाधन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने इस योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस पहल से क्षेत्र में जल संकट की समस्या को काफी हद तक हल किया जा सकेगा।

जमुई जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए यह कदम ऐतिहासिक है। यह पहल न केवल किसानों के लिए लाभकारी होगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगी।

# कोरोना के बाद बिहार जाने वाली पैसेंजर ट्रेनें, जो बंद कर दी गई, वो एक भी नहीं चलीं : पप्पू



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बुधवार को लोकसभा के भीतर बिहार के कई रेल परियोजनाओं की मांग उठायी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उन्होंने राज्य के कई परियोजनाओं को लेकर सवाल उठाया। हालांकि इस दौरा उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की भी तारीफ की। लोकसभा के प्रश्नकाल में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने प्रश्न पूछते हुए कहा कि कोरोना के बाद बिहार जाने वाली पैसेंजर ट्रेन, जो बंद कर दी गई, वो एक भी नहीं चलीं। कनेक्टिविटी की बात भी रेल मंत्री करते हैं। बिहार का आधार पर्यटन का है तो आपसे कई बार मैंने इसको लेकर आग्रह किया। इसी दौरान पीएम मोदी की तारीफ करते हुए पप्पू यादव ने कहा- प्रधानमंत्री जी अच्छा काम कर रहे हैं।

हालांकि उसके पहले पप्पू यादव हाथ जोड़कर खड़े हो गए और रेल मंत्री से सवाल किए। आगे सांसद ने कहा कि मेरा आग्रह है कि रेल मंत्री जी बिहार के प्रति जितनी बातें कहते हैं, लेकिन पहला शिवहर और सीतामढ़ी, दूसरा बोधगया, राजगीर और वैशाली पर्यटन स्थल को आप नहीं जोड़ पाए। पप्पू यादव के सवालों पर सदन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया और कहा कि जो सांसद विचार रख रहे हैं, उनके विचारों का हम स्वागत करते हैं।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बिहार में पिछले 10 सालों में जितना काम हुआ है, वो ऐतिहासिक है। कोसी का ब्रिज सालों से अटका हुआ था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। बिहार में काम की गति और आगे बढ़ेगी।पप्पू यादव से अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सांसद जी से अनुरोध है कि काम में सहयोग करें। वो रेलवे के अच्छे जानकार हैं। उनके यहां रेलवे की फैक्ट्री भी बनी है। आप रेलवे को लेकर और अच्छे सुझाव दे सकते हैं। उन सुझावों को लेकर काम करेंगे और बिहार को मिलकर बहुत ही मजबूत, सशक्त और समृद्ध बनाने का काम करेंगे।

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**
**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 81 वर्ष 2024–25**
**(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)**

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.12.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01- | Renovation of Partition, UPVC, Tile and Other Work in Chamber, Cell, Anty Room, Waiting and Bathroom of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 02- | Renovation of Blind, Lovers, Cupboard and Wall Paper in Chamber, Cell, Anty Room, Waiting and Bathroom of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 03- | Renovation of Wall Paneling and Ceiling of Chamber, Cell, Anty Room, Waiting and Bathroom of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 04- | S/F/F of Furniture in the Chamber of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 05- | S/F/F of Furniture in the Ante Room & Cell of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है। **कार्यपालक अभियंता**
**PR. No.14468 (BCD) 2024-25** केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

सम्पादकीय

# आर्थिक कारणों से अन्नदाताओं के बगावती तेवर

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। नाबार्ड की रिपोर्ट मंह खुलासा हुआ है। 4.476 करोड़ किसान परिवारों की मासिक औसत आय मात्र 13,661 रुपये है। जो प्रति दिन की आय 150 रुपये से भी कम है। जिसके कारण अधिकांश किसान परिवार आर्थिक तंगी के सबसे भयावह दौर से गुजर रहे हैं। किसान खेती के अलावा पशुपालन, मजदूरी और अन्य माध्यम से जो थोड़ी किसानों को आय होती है। उसी से वह किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छोटे किसानों की हालत मजदूरों से भी गई बीती हो गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार खेती से किसानो की औसत मासिक आय केवल 1,677 रुपये है। किसानों के पास जरुरी संसाधन और कोई बचत नहीं है। हर छोटे किसान के ऊपर कर्ज का भार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है, कि 91,231 रुपये का औसत कर्ज देश के किसान परिवारों पर है। भारत मे केवल 9.1% किसान परिवार कर्ज से मुक्त हैं। लघु सीमांत किसान छोटे किसान सभी कर्ज के भार से दबे हुए हैं। खेती की लागत पिछले 10 वर्षो में बेतहासा बढ़ने, उपज के उचित दाम नही मिलने और कर्ज के बोझ से किसानों और उनके परिवार का जीवन जीना कठिन हो गया है। देश के 55.4% किसान परिवार कर्ज के भारी बोझ से दबे हुए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सुधार की जरूरत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करना आवश्यक है। तीन वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है। किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने जो वायदे किए थे, उससे केन्द्र सरकार मुकर गई है। निहत्ये किसानों पर जिस तरीके से पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। उसके कारण किसान नाराज होकर अब आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। बैंक और सहकारी समितियां द्वारा डिफाल्टर होने पर किसानों से ब्याज पर दंड ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज पर तुरंत रोक लगाने की व्यवस्था सरकार को करना होगी। इसके अलावा, कृषि के लिए आधुनिक तकनीकों और सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों और कृषि के लिये सही नीतियाँ बनाकर उन्हें लागू कराएं, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। जीवन जीने के लिए कृषि क्षेत्र का मजबूत करना सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। किसानों के साथ जो धोखाधड़ी सहकारी समितियां और सूदखोरों द्वारा की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। सहकारी समितियां से लिए गए कर्ज पर यदि किसान एक बार डिफाल्टर हो जाता है, तो कई गुना कर्ज और ब्याज का बोझ किसान के ऊपर सहकारी संस्थाओं और बैंकों द्वारा डाल दिया जाता है। जिसके कारण किसान जीवन भर उस कर्ज को चुका नहीं पाता है। हताशा में किसानों को आत्महत्या तक करनी पड़ रही है। कृषि क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए दीर्घकालिक योजना और ठोस प्रयास आवश्यक हैं। किसानों से ऋण में दिया गया मूलधन वापस करने का ही कानून बनाया जाना चाहिए। यदि किसान डिफाल्टर हो जाता है। ऐसी स्थिति में उसके ऊपर ब्याज का बोझ नहीं आना चाहिए। किसानों से यदि केवल मूल कर्ज की वसूली होगी। तभी जाकर किसानों की आर्थिक स्थिति मैं सुधार आ सकता है। किसानों की आय और बचत बढ़ने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है। देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का सर्वाधिक योगदान है। भारत में कृषि क्षेत्र ही सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। कृषि क्षेत्र में जिस तरह से कॉरपोरेट कंपनियों का प्रवेश हो रहा है। यह स्थिति देश को बर्बाद करने की दिशा में बढ़ता कदम होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर खत्म हो जाएंगे। भारत कृषि प्रधान देश है। संघीय व्यवस्था होने के कारण प्रत्ये राज्य की अपनी विविधता है। कृषि क्षेत्र के कारण स्थानीय स्तर पर करोड़ों लोगों को स्थानीय राजगार उपलब्ध होता है। ऐसी स्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकारों को कृषि क्षेत्र एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशेष प्रयास करने चाहिए।

# संसद में टीशर्ट,जार्ज सोरेस और धनकड़

राकेश अचल

संसद में इन दिनों तमाशा ही तमाशा चल रहा है,काम हो नहीं रहा। काम होगा भी नहीं,क्योंकि सरकार कहती है कि उसके पास तमाम विधेयक पारित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। संसद के दोनों सदनों में जो कुछ हो रहा है उसमें से बहुत कुछ अप्रत्याशित भी है और बहुत कुछ प्रायोजित भी। संसद की गरिमा की फिक्र किसी को नहीं है। यदि आप संसद की कार्रवाई देखते हों तो आपको पता होगा की संसद के दोनों सदनों में भाजपा,कांग्रेस और शेष विपक्ष के सदस्यों का आचरण कैसा है। संसद चलाने वालों का आचरण कैसा है ?

सबसे पहले लोकसभा की बात करें। लोकसभा में हंगामा जारी है,क्योंकि सरकार ऐसा चाहती है। सरकार कांग्रेस के और विपक्ष के दूसरे दलों के सांसदों के प्रश्नों के उत्तर नहीं देना चाहती है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को और कुछ नहीं तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टीशर्ट पर ही आपत्ति है। उनका मानना है कि टीशर्ट पहनकर संसद में आने से सदन की गरिमा गिरती है। किरेन का ये तर्क आपके गले उतरता हो तो अलग बात है,लेकिन मेरे गले तो नहीं उतरता। संसद के किसी भी सदन में अभी तक कोई ड्रेस कोड नहीं है,क्योंकि संसद संघ की शाखा नहीं बल्कि देश भर के अलग-अलग हिस्सों से चुनकर आने वाले जन प्रतिनिधियों का मंच है। सबकी अलग-अलग वेश-भूषा है। लेकिन किरेन ये नहीं समझते।

लोकसभा में ही लोकसभा के अध्यक्ष अडानी या अम्बानी का जिक्र आते ही भड़क जाते है। वे कहते हैं कि अडानी या अम्बानी सदन के सदस्य नहीं है इसलिए उनका नाम सदन के भीतर नहीं लिया जा सकता,लेकिन दूसरी तरफ लोकसभा अध्यक्ष को अमेरिका के जार्ज सोरोस का नाम लेकर कांग्रेस के नेताओं पर हमला किये जाने से कोई आपत्ति नहीं है। मुमकिन है की लोकसभा अध्यक्ष को लगता हो की जार्ज सदन के सदस्य हैं इसलिए उनके नाम का उल्लेख किया जा सकता है। सत्तारूढ़ दल विपक्ष के किसी भी आरोप पर,सवाल पर कुछ बोलने के बजाय बेसिर-पैर के मुद्दे उठाकर हर सवाल से बचने की कोशिश में लगा हुआ है,यदि ऐसा न होता तो सदन में न राहुल की टीशर्ट पर सवाल उठते और न जार्ज सोरोस और कांग्रेस के रिश्तों पर। अब चलिए राज्यसभा मे। यहां तो विपक्ष ने सभापति जगदीप धनकड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर ही दिया है। जाहिर है कि विपक्ष के सब्र का बांध टूट गया है,अन्यथा सभापति का इतना मान तो होता है कि कोई उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव न लाये। सभापति सबके होते हैं, होना चाहिए,लेकिन धनकड़ सबके नहीं हैं,वे भाजपा के जीवनव्रती सदस्य बने रहना चाहते हैं। वे शायद भूल गए हैं कि वे अब बंगाल के राज्य पाल नहीं बल्कि राजयसभा के सभापति हैं। राजयसभा के सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा भी है कि उन्होंने धनकड़ जैसा पक्षपाती सभापति अपने पूरे जीवनकाल में नहीं देखा। मै एक साधारण पत्रकार हूँ लेकिन मैंने भी धनकड़ जैसा सभापति अपने जीवनकाल में नहीं देखा।

सदन में भाजपा मणिपुर पर चर्चा नहीं कर रही। बांग्लादेश से बिगड़ते रिश्तों पर बहस नहीं कर रही,उसका प्रिय विषय जार्ज सोरोस हैं। जॉर्ज सोरोस को लेकर भाजपा हमलवार है और कांग्रेस पर सोरोस से संबंध रखने का आरोप लगाया है. पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांगकी जिससे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. भाजपा का कहना है कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी उस संगठन से जुड़ी हैं, जो सोरोस से फंड लेती हैं। यही नहीं, पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने सोरोस के साथ हाथ मिलाया है। भाजपा को पता है कि कांग्रेस ने किस किस से हाथ मिला रखा है,लेकिन उसे ये नहीं पता कि मणिपुर क्यों जल रहा है ? बांग्लादेश क्यों भारत से मुठभेड़ ले रहा है ?

आप कहीं लिखकर रख लीजिये कि भाजपा संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारु रूप से चलने की कोई कोशिश करेगी ही नहीं और ठीकरा विपक्ष के सर फोड़कर अपनी जिम्मेदारी से बचकर निकल भागेगी। दोनों सदनों के सभापति सदन को सवार्नुमति से चलने में नाकाम साबित हो चुके है। संसदीय कार्यमांत्रि नाकाम हो चुके हैं और प्रधानमंत्री की और से इस दिशा में कोई कोशिश की नहीं गयी है।

# राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

**राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का गोदी मीडिया केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था।**





-निर्मल रानी-

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का ह्यगोदी मीडिया ह्व केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था। गौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक जमीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, ह्यह्लकेरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है।

बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हजार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हजार रह गया है। यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हजार वोट मिले थे। इस लिहाज से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी।

अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी काबिल- ए - तारीफ थे। उन्होंने कहा कि ह्यआपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं। ह्व निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज उनका अंदाज तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है।

प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीके अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मजबूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुकाबला करने से लेकर पार्टी को मजबूत बनाने तक के लिये काफी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साजिशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं। जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक में आवाजें बुलंद की हैं,कानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों,किसानों व गरीबों के लिये आवाज उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुँचने से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

# भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ी

**ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटिवयर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझें हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढने.के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं।**





-ललित गर्ग-

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

यकीनन इस समय बढ़ते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-ईरान संघर्ष के कारण भारत की भी आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटिवयर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझें हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढने.के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर और नवम्बर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट के महीनों के रूप में दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रु ख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ी है। एक चिंताजनक बात यह है कि ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। इससे खाद्य पदाथरे, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढने.लगेगी। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढने.पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा।

खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 21 नवम्बर तक भारत के पास 650 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। यदि दुनिया के युद्धग्रस्त देशों में युद्ध और तेजी से बढ़ेगा तो कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढने.का सिलसिला शुरू हो सकता है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढने.के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढने.का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढने.पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। यह भी चिंताजनक है कि अभी देश में महंगाई बढने.का रु झान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 14 नवम्बर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है। बीते महीने खाद्य पदाथरे, विशेष रूप से सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें महंगी हो गई हैं। सितम्बर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 1.84 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि 12 नवम्बर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है।

इससे पिछले महीने सितम्बर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज के साथ अन्य सभी प्रकार की सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि तथा महंगे हुए अनाज व फलों के कारण अक्टूबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर भी बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गई, जबकि सितम्बर माह में यह 9.24 प्रतिशत तथा माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढना होगा। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढने.पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किए गए महंगाई नियंत्रण उपायों पर तुरंत कार्यान्वयन किया जाए। हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।

# मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

बिहार सरकार द्वारा रिपोर्ट किए गए अनुसार, बिहार में मत्स्य उत्पादन 2014-15 में 4.79 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 8.73 लाख मीट्रिक टन हो गया है, जो 81.98% की दशकीय वृद्धि दर्ज करता है और देश के अंतदेर्शीय मत्स्य उत्पादन राज्यों में बिहार राज्य 2014 -15 के दौरान 9वें स्थान पर था जबकि वर्तमान में राज्य का चौथा स्थान है । इसके अलावा, यह भी सूचित किया गया है कि वर्ष 2023-24 में बिहार ने देश के पड़ोसी और अन्य राज्यों को 38.38 हजार मीट्रिक टन मत्स्य का निर्यात किया । बिहार में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा बिहार को प्रधान मंत्री स्पेशियल पैकेज स्वीकृत किया गया था, जिसका कुल परिव्यय 279.55 करोड़ रुपये था, जिसमें 102.49 करोड़ रुपये का केंद्रीय अंश शामिल था और बिहार को 56.35 करोड़ रुपये जारी किए गए थे । उक्त प्रधान मंत्री स्पेशियल पैकेज के तहत स्वीकृत प्रमुख मात्स्यिकी गतिविधियों में मत्स्य बीज पालन, नए तालाबों का निर्माण, मगुर हैचरी, प्रॉन हैचरी, मछुआरों के लिए आवास, केज कल्चर/पेन कल्चर, होल सेल फिश मार्केट, रीटेल फिश मार्केट, मोबाइल रीटेल फिश औटलेट्स सह फिश ऑन वील्स, लाईव फिश कैरियर आदि शामिल थे। इसके अलावा, राज्य में सामुदायिक मात्स्यिकी को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार ने राज्य स्कीम के तहत कई पहल की हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ मात्स्यिकी प्रशिक्षण, फिशरीज एक्सपोजर के लिए दौरा, मत्स्य पालन के लिए इनपुट, मछली तालाबों में एरेटर की स्थापना, ट्यूबवेल एवं पंपसेट स्थापना, हैचरी विकास, पुराने तालाब का रेनोवेशन, फिश फिंगरलिंग प्रोडकशन, आर्द्रभूमि विकास, रिवर रेंचिंग, पठारी क्षेत्र में मत्स्य तालाबों का निर्माण, मत्स प्रजातियों का विविधीकरण संबंधी स्कीमें शामिल हैं । इसके अतिरिक्त विगत चार वर्षों (2020-21 से 2023-24) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2024-25) के दौरान प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 158.82 करोड़ रुपए के केंद्रीय अंश सहित कुल 522.41 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । उपर्युक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदित प्रमुख मात्स्यिकी गतिविधियों में फिनफिश हैचरी, ब्रूड बैंक की स्थापना, रिअरिंग और ग्रो-आउट तालाबों के माध्यम से जल कृषि क्षेत्र का विस्तार, आर्द्र्भूमि और जलाशयों में फिंगरलिंग (एफएल) की स्टॉकिगं, ओनामेंटल फिश रियरिंग और ब्रीडिंग यूनिट का विकास, मनोरंजक मात्स्यिकी को बढ़ावा देना, आरएएस और बायोफ्लोक इकाइयों की स्थापना, जलाशयों में केजों की स्थापना, कोल्ड स्टोरेज, फीड मिल्स, फिश कियोस्क की स्थापना और पोस्ट-हार्वेस्ट परिवहन वाहन आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बिहार में मछुआरों और मत्स्य पालकों को उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता के लिए कुल 1290 किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, बिहार राज्य के कोसी, सीमांचल, मिथिलांचल सहित देश में पशुपालन और डेयरी को प्रोत्साहित करने के लिए, निम्न योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है- (८) देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, गोजातीय आबादी के आनुवंशिक उन्नयन और गोजातीय पशुओं के दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम), जिसमें 27.91 लाख पशुओं को शामिल किया गया, 35.11 लाख कृत्रिम गभार्धान किए गए और बिहार में 20.95 लाख किसान लाभान्वित हुए। इसके अलावा, 2673 मैत्री (ग्रामीण भारत में बहुउद्देशीय कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन) को लिया गया और 2 आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई, जिससे 613 व्यवहार्य भ्रूण(एम्ब्रीओ) तैयार हुए, जिनमें 291 भ्रूण (एम्ब्रीओ )स्थानांतरित किए गए और 25 बछड़ों का जन्म हुआ। राज्य सहकारी डेयरी संघों/जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ/एसएचजी/दूध उत्पादक कंपनियों/किसान उत्पादक संगठनों के लिए गुणवत्ता परीक्षण उपकरणों के साथ-साथ प्राथमिक चिलिंग फैसिलिटी के लिए इन्फ्रस्ट्रक्चर के निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए डेयरी विकास राष्ट्रीय कार्यक्रम, जिसमें बिहार में 263.23 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ 17 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है और परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कॉम्फेड (बिहार राज्य दूध सहकारी संघ लिमिटेड) को 204.07 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास, प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन, पशुधन उत्पादकता बढ़ाने और पशुधन स्वास्थ्य देखभाल आदि में संवर्धन के लिए पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम।

## संक्षिप्त खबरें

### रात में पड़ रही कड़ाके की ठंड, लोग बेहाल

अमरोहा।पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते जिले में ठंड बढ़ती जा रही है। तापमान में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। रातें सर्द हो रही हैं। दिन में अभी धूप निकलने से ज्यादा ठंड नहीं हो रही है, लेकिन न्यूनतम तापमान गिरने से रात में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।इन दिनों रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दी से बचने के लिए लोग स्वेटर, जैकेट पहन रहे हैं। हालांकि सुबह के समय ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी।

### एकादशी पर महिला सखी मंडली ने किया कीर्तन

अमरोहा।बुधवार को एकादशी तिथि पर महिला सखी मंडली पदाधिकारियों ने शहर के मोहल्ला चिल्ला स्थित प्रियंका खंडेलवाल के आवास पर कीर्तन किया। भजनों के गायन से वातावरण भक्तिमयी हो गया। महिलाएं भजनों पर खूब थिरकीं। इस दौरान शिवांगी जिंदल, रश्मि शर्मा, शिल्पी, ममता गर्ग, अनीता जिंदल, प्रीति खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, मधु खंडेलवाल, प्रतिभा खंडेलवाल, शोना खंडेलवाल, शिवी खंडेलवाल, शिवानी खंडेलवाल, पूजा माहेश्वरी, रूबी, आशा मित्तल, मधु खुराना आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### अफसरों को नहर खुदाई के लिए निशान लगाने से रोका, प्रदर्शन

हसनपुर।नहर खुदाई के लिए भूमि चिन्हित करने पहुंचे विभागीय अफसरों का किसानों ने विरोध कर दिया। नक्शे के इतर खुदाई करने का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। नक्शे के मुताबिक खुदाई कराए जाने की मांग की। शासन के निर्देश पर क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी के पास से नहर होकर निकलनी है। सिंचाई विभाग द्वारा नहर की खुदाई कराई जा रही है। बुधवार को विभागीय एसडीओ मोहित कुमार व जेई प्रमोद सिंह गांव पहुंचे एवं नहर की भूमि को चिन्हित कर निशान लगाने लगे। ग्रामीणों ने इस पर विरोध शुरू कर दिया। किसान शफीउल्ला खान एवं अफसर खान ने आरोप लगाया कि उनके खेत गाटा संख्या 172 एवं 177 में हैं और नक्शे के हिसाब से उसमें नहर नहीं निकल रही, जबकि अधिकारी जबरदस्ती खेत से नहर निकाल रहे हैं। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि नक्शे से इतर खुदाई न कराई जाए। नक्शे के मुताबिक जिसकी भूमि से नहर निकल रही है, उसकी जमीन को लिया जाए। वहीं विरोध के चलते अफसर बैरंग लौट गए। प्रदर्शन करने वालों में इस्माइल, साकिब, नौशाद अहमद, अर्श, इमरान अली, रिफाकत आदि किसान रहे।

### पुलिसकर्मियों की विभागीय समस्याओं को सुना

अमरोहा।पुलिस कर्मियों से संबंधित विभागीय समस्याओं का निदान कराने के लिए एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस ग्रीवांस रिड्रेसल यूनिट (पीजीआरयू) का गठन किया है। जिसका उद्देश्य वेतन विसंगति, एरियर भुगतान, इंक्रीमेंट, जीपीएफ व मेडिकल क्लेम से संबंधित पुलिसकर्मियों की समस्याओं का त्वरित निदान कराना है। बुधवार को यूनिट प्रभारी मोईन अली ने थाना रजबपुर व गजरौला में कैंप लगाकर पुलिसकर्मियों से समस्याओं को सुना। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करा दिया, जबकि बाकी समस्याओं को संबंधित पटल पर भेजते हुए त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। यूनिट प्रभारी के मुताबिक जिले में तैनात पुलिसकर्मी पीजीआरयू के व्हाट्सऐप नंबर 7839863991 पर भी अपना प्रार्थनापत्र भेजकर समस्या का निदान करा सकते हैं।

### आजमगढ़ में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, 22 घायल

आजमगढ़ । आजमगढ़-आंबेडकर नगर सीमा के निकट एक कस्बे में बुधवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर कंधरापुर कस्बे के पास उस समय हुई जब वे गुरु गोविंद साहिब मेले से लौट रहे थे। पुलिस अधीक्षक (नगर) शैलेन्द्र लाल ने बताया, मऊ जिले के सरायलखंसी क्षेत्र के करीब 24 लोग एक वैन में सवार होकर जा रहे थे तभी वैन की टक्कर गन्ने से लदी एक ट्रॉली से हो गई। इस दुर्घटना में बच्ची देवी नामक महिला की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम सतर्क हैं और मुख्य चिकित्साधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे पर शोक व्यक्त किया और अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित उपचार के भी निर्देश दिए हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# गाय के दूध के उत्पादन में भी नंबर वन बनेगा उत्तर प्रदेश

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ,। गोवंश संरक्षण का गोरक्षपीठ की परंपरा रही है। गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर की गोशाला इसका प्रमाण है। गोवंश की देशी प्रजातियों के लिहाज से यह गोशाला बेहद समृद्ध है। पीठ की परंपरा के अनुसार गोवंश का संरक्षण मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के रूप में योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निराश्रित गोवंश का संरक्षण, गो पालकों को कई तरह की रियायत और सुविधा देना इसी की कड़ी है। इसी तरह गोवंश निरोग रहें इसलिए उनका नियमित टीकाकरण, नस्ल सुधार, इसके जरिए उनकी उत्पादकता बढ़ाने का काम भी योगी सरकार लगातार कर रही है। गोवंश के संरक्षण और संवर्धन का सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश गाय के दूध के मामले में भी देश में नंबर वन होगा। अभी यह उपलब्धि राजस्थान के नाम पर दर्ज है। उत्तर प्रदेश का स्थान दूसरा है। लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में दुधारू गायों की संख्या करीब 0.66 करोड़ है। इनसे कुल 5.29 मिलियन टन दूध प्राप्त होता है। प्राप्त दूध में विदेशी नस्ल की गायों का दूध 1.7 मिलियन टन और मिश्रित एवं देशी नस्ल के दूध की मात्रा 4.2 मिलियन टन है। देशी नस्ल की गाय का दूध विदेशी नस्ल की गायों से गुणवत्ता में बेहतर होता है। इनका विकास भारतीय जलवायु में हजारों वर्ष के अनुकूलन (कंडीशनिंग) के बाद हुआ है। लिहाजा भारतीय परिस्थितियों में इनको पालना आसान है। यही वजह है कि योगी सरकार का फोकस देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन पर रही है। आने वाले समय में गोरखपुर और भदोही के पशु चिकित्सक महाविद्यालय के बन जाने पर देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन को और बढ़ावा मिलेगा। यहां होने वाले शोध का लाभ उत्तर प्रदेश खासकर पूर्वांचल के दो दर्जन जिलों के पशुपालकों को मिलेगा। इसका लाभ देशी गोवंश की बढ़ी उत्पादकता के रूप में मिलेगा। ऐसे में 16 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूध के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान रखने वाला उत्तर प्रदेश गायों के दूध के उत्पादन के मामले में भी देश में पहले स्थान पर पहुंच जाएगा। इसी मंशा से मुख्यमंत्री योगी ने पिछले दिनों गोरखपुर में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गोरखपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि महाविद्यालय में पशुओं को रखने, चारागाह के लिए पर्याप्त रिजर्व लैंड हो और गौ सरोवर भी बनाएं। गोरखपुर के ताल नदोर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी वर्ष 3 मार्च को किया था। 80 एकड़ में क्रमवार तीन चरणों में बन रहे इस महाविद्यालय के निर्माण पर 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। पहले चरण के निर्माण पर 277 करोड़ 31 लाख रुपये खर्च होंगे। 2026 तक पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# मस्जिद में मंदिर खोजने वालों को महंगा पड़ेगा : स्वामी प्रसाद मौर्य

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ,। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संभल हिंसा के संबंध में कहा कि अगर आप गड़े मुर्दे उखाड़ेंगे, तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मस्जिद में मंदिर खोजने वालों को महंगा पड़ेगा, क्योंकि अगर आप मस्जिद में मंदिर खोजेंगे, तो लोग मंदिरों में बौद्ध मठ खोजना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, इतिहास इस बात का गवाह है कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, यह सब बड़े तीर्थस्थल थे। इन्हें आज हिंदू धर्म का स्वरूप दे दिया गया है। सम्राट अशोक ने 84 हजार बौद्ध स्तूप बनवाए थे। आखिर वो कहां चले गए। इससे साफ जाहिर होता है कि इन्हीं लोगों ने इसे तोड़कर मंदिर बनवाया है, इसलिए मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर आप मस्जिद में मंदिर खोजेंगे, तो हम मंदिरों में बौद्ध मठ खोजना शुरू कर देंगे, इसलिए देश में एकता बनाए रखने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि 1947 से पहले के बाद जिस धर्म की स्थिति जैसी थी, मौजूदा समय में उसे वैसा ही रहने दिया जाए, उसके साथ किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं किया जाए। उन्होंने कहा, हम चाहेंगे देश में भाईचारा बना रहे। किसी भी धर्म के लोगों के बीच में नफरत पैदा न हो। हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। वहीं, उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, आज की सरकारें अपने कार्यों में बुरी तरह विफल रही हैं, जिससे आम जनता को भारी नुकसान हुआ है। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, और शिक्षा जैसे मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इसके कारण लोगों में असंतोष बढ़ रहा है, और सरकार के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा, केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकारह ने कई बड़े वादे किए थे। लेकिन, अब यह महसूस हो रहा है कि वह सरकारें अपने वादों को पूरा करने में नाकाम साबित हो रही हैं। सरकारी नौकरियां खत्म हो गई हैं और महंगाई ने लोगों की हालत खराब कर दी है। खासकर किसान वर्ग पर इसका गहरा असर पड़ा है। किसान पहले ही कई वर्षों से कृषि संकट का सामना कर रहे हैं। लेकिन, सरकार की नीतियों से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। दिल्ली के बॉर्डर पर हजारों किसान पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं और वे अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य की मांग कर रहे हैं। लेकिन, सरकार उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है।

# मेरठ में पुलिस से मुठभेड़ के बाद इनामी बदमाश गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



मेरठ । मेरठ जिले में पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि लोहियानगर थाने की पुलिस एवं एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) मेरठ की एक संयुक्त टीम बजौट तिराहे पर जांच कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि इनामी बदमाश उमर (22) शौपिक्स मॉल की ओर से मोटरसाइकिल से बजौट की तरफ आ रहा है। उमर 16 जून को कोतवाली थाना निवासी मोना (42) की गला काटकर हत्या करने और उसकी मां सविता को पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में वांछित था।इस संबंध में कोतवाली थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम ने बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने बदमाश का पीछा किया, तभी बजौट तिराहे के पास बदमाश ने पुलिसकर्मियों पर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में अभियुक्त उमर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने मोना की गला काटकर हत्या करने और उसकी मां सविता को घायल करने की बात कबूल की है। हत्या के आरोपी अभियुक्त पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारी के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में थाना परतापुर में भी मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस व बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं : सीएम योगी



गोरखपुर,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को करारा कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनी। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

# चार साल की बच्ची से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

बदायूं,। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के थाना इस्लामनगर क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची के साथ पड़ोसी ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस्लामनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची के पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार मंगलवार शाम लगभग सात बजे बच्ची अन्य बच्चों के साथ घर के दरवाजे पर खेल रही थी लेकिन आधे घंटे बाद बच्ची वहां नहीं थी तो उन्हें लगा की बच्ची पड़ोस में किसी के घर चली गई होगी। पुलिस के मुताबिक बच्ची के पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि एक घंटे बाद पड़ोस में रहने वाला पवन कश्यप (33) बच्ची को घर के करीब छोड़कर भाग रहा था,बच्ची की दादी ने यह देखकर पवन को आवाज लगाई किंतु वह नहीं रुका। पुलिस ने बताया कि बच्ची रो रही थी और उसने अपनी मां को आपबीती बताई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी पवन कश्यप के खिलाफ मामला दर्ज किया । इस्लामनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पवन कश्यप को आज गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# महाकुंभ 2025 : एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा साइबर थाना

प्रातः किरण संवाददाता




महाकुंभनगर,। महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना संभव नहीं हो पाएगा। खास बात है कि इस बार देश-विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ 2025 को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। मेला के दौरान 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुंभनगर बुला ली गई है। महाकुंभनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को महाकुंभनगर में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुंभ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा। ठगों के फर्जी तरीके से तैयार किए गए लिंक के हथियार नष्ट कर दिए जाएंगे। महाकुंभनगर की साइबर एक्सपर्ट की टीम ने तेजी से काम करते हुए ऐसी संदेहास्पद 44 वेबसाइटों को अपने रडार पर ले लिया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें महाकुंभ मेले से संबंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है। इसके साथ सरकारी वेबसाइट (जिनमें ॅड्ड५.ल्ल लगा हो) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा फर्जी वेबसाइटों की सूचना भी थाने में दी जा सकती है, जिस पर साइबर थाना तुरंत कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम दिन-रात काम कर रही है। यह टीम एक स्थान पर लैपटॉप और कंप्यूटर से तो सक्रिय है ही, इसके अलावा इनकी मोबाइल टीम भी काम कर रही है, जो बड़ी संख्या में फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से संबंधित मामलों को मोबाइल पर ही सॉल्व कर रहे हैं। जो लोग एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। शिकायत मिलते ही उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इनके अलावा फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी। महाकुंभ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा में साइबर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड में है।

# मेरठ में आठ साल की बच्ची की हत्या मामले का आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



मेरठ । मेरठ जिले के सरधना थाना क्षेत्र में आठ वर्ष की बच्ची की हत्या के मामले के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना सरधना क्षेत्र की एक पुलिस टीम मंगलवार देर रात सरधना क्षेत्र में कालंद गांव में नहर की पटरी के आसपास जांच कर रही थी तभी पुलिस टीम को एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। मिश्रा ने बताया कि इस पर पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने अचानक पुलिस दल पर गोली चला दी । उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक गोली संदिग्ध के पैर में लगी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश की पहचान कैफ (22) के रुप में हुई है और वह कालंद गांव का ही निवासी है साथ ही एक दिसंबर को कालंद गांव में हुई बच्ची की हत्या मामले में वांछित था। पुलिस प्रशासन ने कैफ पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा,एक खोखा व एक कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि कालंद गांव निवासी तहसीन और मशरूफ की आपसी रंजिश है और कुछ दिन पूर्व मशरूफ और उसके साथियों ने तहसीन के घर पर हमला कर दिया। भारी गोलीबारी के बीच तहसीन ने तो भागकर जान बचा ली लेकिन गोलीबारी की आवाज सुनकर बाहर आई आठ साल की मासूम बच्ची आफिया के सीने में गोली लग गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हत्या के मामले में मशरूफ, कैफ, शौहराब, कामरान व पांच अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मशरूफ को चार दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# संवैधानिक अधिकार यात्रा का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

नौगावां/गजरौला। निषाद पार्टी द्वारा प्रदेश भर में निकाली जाने वाली संवैधानिक अधिकार यात्रा का ब्लॉक क्षेत्र के गांव कांकाठेर एवं नगर में स्वागत किया गया। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश सरकार क कैबिनेट मंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद कर रहे हैं। केवट, मल्लाह, मछुआ समाज समेत अन्य वंचित और शोषित जातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की लिए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद द्वारा यह यात्रा 30 नवम्बर को सहारनपुर से प्रारंभ की थी। यह यात्रा तीन चरणों में प्रदेश के 18 मण्डलों और सभी 75 जिलों से होकर गुजरेगी। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि इस रथ यात्रा के माध्यम सं कश्यप-निषाद-मछुआ बाहुल्य समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है, साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं क बारे में भी जानकारी दी रही है इसी के साथ ही प्रजापति, धीमर मल्लाह, केवट आदि 17 जातियों को केन्द्र व प्रदेश में अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी किए जाएं ताकि इन समाजों का भी भली प्रकार विकास हो सके। इस अवसर पर मिठाई लाल निषाद, बलराज प्रजापति, रवि कश्यप, डॉ. अमित निषाद, महिपाल तुरैहा, हरकेश राणा, राजू कश्यप, आशा कश्यप, सोनिया कश्यप, चंचल प्रजापति, टींकु प्रजापति, पवन प्रजापति आदि मौजूद रहे। वहीं नौगावा में भी यात्रा का स्वागत किया गया।

# उद्यान विभाग में कृषकों की आय दोगुनी करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता,




अमरोहा। जिला उद्यान अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम- काला खेड़ा, हसनपुर की चीनी मिल में राहुल कुमार यादव, (पी०सी०एस०) प्रधान प्रबन्धक, सहकारी चीनी मिल, गजरौला / हसनपुर की उपस्थिति में कृषकों को उद्यान विभाग में संचालित योजनाएं यथा- ड्ढपर ड्राप मोर काप-माइकोइरीगेशन योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति औद्यानिक विकास योजना, फलपट्टी विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म इकाई उद्योग उन्नयन योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए कृषकों को अवगत कराया, कि उद्यान विभाग में कृषकों के हित में कल्याणकारी योजनाओं में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों की आय को दोगुना करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कृषकों को कम व्यय में अधिक उपज प्राप्त हो रही है। उन्होंने जनपद अमरोहा के समस्त कृषक भाईयों को सूचित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत एवं अनुसूचित जाति/जनजाति औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 हेतु जनपद को रबी मौसम में पुष्प क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत गेन्दे की खेती कराने हेतु लक्ष्य आवंटित किये गये है, जिसमें कृषकों को गेन्दा बीज एवं जैविक निवेश उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जायेगा। कृषको को निःशुल्क बीज वितरण प्रथम आवक- प्रथम पावक व पात्रता के आधार पर ही उपलब्ध कराया जायेगा। कृषक भाई बीज प्राप्त करने हेतु खतौनी, आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, एक फोटो व मोबाईल नं० सहित किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, अमरोहा, कमरा नं0-206 द्वितीय तल, विकास भवन, अमरोहा में सम्पर्क कर सकते है।

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तीन साल पूरे होने पर वाराणसी में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

वाराणसी ।विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के तीन साल पूरे होने के अवसर पर वाराणसी में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को किया था। समारोह 10 दिसंबर से शुरू हुआ और 13 दिसंबर तक जारी रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया था। उस भव्य और दिव्य कार्यक्रम के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 10 दिसंबर से धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई जो 13 दिसंबर तक जारी रहेगी। उन्होंने कार्यक्रमों का विवरण देते हुए कहा, धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 10 दिसंबर को पंचमुखी गणेश जी मंदिर (ढुंढिराज गणेश के सन्निकट) में विशिष्ट शास्त्रीय पूजन के साथ सप्तचिरन्जीवियों का आह्वान पूजन, नवग्रह आराधना एवं महामृत्युंजय होम का आयोजन संपन्न किया गया। इसमें विश्वेश्वर शास्त्री द्राविड़ एवं गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने पूजा अर्चना की। 12 दिसंबर से मंदिर प्रांगण में महा रुद्र पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को सुबह श्री काशी विश्वनाथ धाम में स्थित समस्त देव विग्रहों का अभिषेक शास्त्रों में वर्णित विधि से संपन्न किया जाएगा। दोपहर एक बजे सर्व सनातन विजय की कामना के साथ वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में चतुर्वेद परायण भी किया जाएगा जो शाम तक जारी रहेगा। मिश्रा ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रदोष तिथि भी है इसलिये इस दिन नंदी अभिषेक भी संपन्न किया जाएगा। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शिवार्चनम संध्या का आयोजन मंदिर चौक में किया जाएगा। इस दौरान मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में काशी के संगीत कलाकार नीरज सिंह, प्रख्यात सितार वादक देवव्रत मिश्र एवं प्रख्यात भजन गायक एवं हिंदी फिल्म गायक अभिजीत घोषाल अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा भगवान विश्वनाथ की आराधना करेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार,12 दिसंबर, 2024



# सोशल मीडिया पर ओपिनियन देने से बचती हूं, पर्सनल लाइफ उजागर नहीं करती

**एक समय आईएएस बनने की ख्वाहिश रखने वाली राशि खन्ना को तकदीर एक्टिंग में ले आई। ऑडिशन के जरिए अपनी पहली फिल्म पाने वाली राशि आज साउथ इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड में भी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्हें द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया।**



राशि खन्ना इंडस्ट्री में अपने दस साल पूरे कर चुकी हैं। वह अपने सफर के बारे में कहती हैं, मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं एक्टिंग के फील्ड में आऊंगी। मेरे इर्द-गिर्द कोई एक्टर नहीं था। बचपन में मैंने फिल्में भी ज्यादा नहीं देखीं थीं। मुझे आईएएस अफसर बनना था, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। मेरी एक दोस्त को एक्टर बनना था और उनके साथ मुंबई आ गई थी। एक बार मद्रास कैफे के ऑडिशन के लिए मुझे बुलाया गया और मैंने ऑडिशन दिया और उसके बाद मुझे फिल्म मिल भी गई। कैमरे के सामने मुझे बहुत मजा आया, तब मैंने तय किया कि मुझे अपनी जिंदगी में यही करना है।

## अपनी प्राइवेट लाइफ उजागर नहीं करती

सोशल मीडिया के इस दौर में राशि एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो आम तौर पर ट्रोल्स के निशाने से दूर रहती हैं। वह बताती हैं, सोशल मीडिया पर रहते हुए एक समय ऐसा आता है, जब आपको ट्रोल्स की आदत पड़ जाती है। आपको पता होना चाहिए कि आपकी सचाई क्या है। लोगों के कहने का आप पर फर्क पड़ना नहीं चाहिए, वरना आप अपना काम कर ही नहीं पाएंगे। मैं सोशल मीडिया पर अपने ओपिनियन देने से बचती हूं। जब तक मैं किसी बात पर श्योर नहीं होती, तब तक व पर अपना पक्ष या मत नहीं रखती। आपको ट्रोल्स से लड़ने की जरूरत है ही नहीं। वैसे मैं अपनी प्राइवेट लाइफ इतनी प्राइवेट रखती हूं कि उनके पास कुछ होता ही नहीं मेरे बारे में लिखने को। मैं सोशल मीडिया पर अपने ओपिनियन देने से बचती हूं। जब तक मैं किसी बात पर श्योर नहीं होती, तब तक व पर अपना पक्ष या मत नहीं रखती। मैं सोशल मीडिया पर काफी सावधानी बरतती हूं, तो मुझे ट्रोल करने के लिए उनके पास कुछ नहीं होता।

## धनुष मेरे फेवरेट एक्टर हैं



साउथ सिनेमा हो या बॉलीवुड राशि ने दोनों जगह यादगार काम किया है। बॉलीवुड की बात करें, तो वेब सीरीज रूद्र में उन्होंने अजय देवगन संग काम किया। फिल्म योद्धा में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा की हीरोइन बनी और वेब सीरीज फर्जी में उन्हें शाहिद कपूर का साथ मिला। साउथ में भी वह जूनियर एनटीआर, रवि तेजा और धनुष जैसे स्टार्स के साथ नजर आईं। वह अपने को-स्टार्स के बारे में कहती हैं, अपने हर को-आर्टिस्ट से मैंने कुछ न कुछ सीखा जरूर। धनुष मेरे फेवरेट एक्टर हैं। लगा है नहीं कि हम एक्टिंग कर रहे हैं। उनमें एक्टिंग की बारीकियां हैं।

## विक्रांत की वजह से किया वह रोल



हाल ही में राशि द साबरमती रिपोर्ट में नजर आईं। वह बताती हैं, विक्रांत एक एफर्टलेस एक्टर हैं। उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया। सच कहूं तो यह फिल्म मैंने उन्हीं के कारण चुनी। एक एक्टर के रूप में उनकी क्रेडिबिलिटी बहुत है, मुझे लगा कि वे इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं, तो फिल्म में जरूर कुछ बात होगी। मैं इसमें एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टर बनी हूं और ऐसा रोल मैंने पहले कभी किया नहीं था। बहुत जल्द मैं विक्रांत के साथ एक और प्रॉजेक्ट तलाखों में एक में नजर आऊंगी। मेरी और विक्रांत की केमेस्ट्री लोगों को पसंद आई है।



# पुलिस की वर्दी में एक्शन करते दिखे वरुण, जैकी श्रॉफ का खूंखार अवतार

**वरुण धवन की आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' का प्रशंसकों को लंबे समय से इंतजार था। अब निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर उनकी उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है।**

'बेबी जॉन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और वरुण धवन पहली बार पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। फिल्म में वरुण का धांसू एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि वह खतरनाक एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, फिल्म से जैकी श्रॉफ का काफी खूंखार और डरावना लुक भी सामने आया है। ट्रेलर की शुरुआत वरुण धवन के किरदार और उनकी बेटी के बीच एक प्यारे से रिश्ते को दिखाते हुए होता है। वह एक आदर्श पिता के सभी कर्तव्य निभाते हुए नजर आते हैं और अपनी बेटी का ख्याल रखते हैं। उनकी बेटी कहती है कि भले ही वह उसे बेबी कहती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह सच में बेबी है! उनके किरदार की एक झलक पुलिस अधिकारी के रूप में भी मिलती है, जो कीर्ति सुरेश के किरदार से प्यार कर बैठता है।

## खूंखार अवतार में नजर आएं जैकी श्रॉफ

ट्रेलर का सबसे ज्यादा आकर्षण वाला भाग वह रहा जब जैकी श्रॉफ की एंट्री होती है। वह खलनायक के रूप में बेहद खूंखार लग रहे हैं। ट्रेलर का अंत वरुण धवन के किरदार के खतरनाक और हिंसक रूप के उजागर होने और अपनी बेटी की रक्षा करने की कसम खाने के साथ खत्म होता है।

## सलमान खान का कैमियो

निर्माताओं ने 3 मिनट 6 सेकंड का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर के अंत के कुछ सेकंड में सलमान खान की झलक भी देखने को मिलती है। हालांकि, उनका चेहरा पूरा नहीं दिख रहा लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि वह सलमान खान ही है। आखिर के कुछ सेकंड ने फैंस की उत्सुकता को काफी बढ़ा दिया है।

## कब होगी रिलीज?

वरुण धवन की 'बेबी जॉन' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कलीस ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म का निर्माण जवान के निर्देशक एटली कुमार ने किया है।



# राजकुमार ने श्रद्धा कपूर के साथ स्त्री 3 पर दिया बड़ा अपडेट

अमर कौशिक द्वारा निर्देशित श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव अभिनीत हॉरर-कॉमेडी स्त्री 2 ने 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक तहलका मचा दिया। प्रशंसक अब इसके तीसरे सीक्वल से जुड़ी जानकारियों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं राजकुमार राव ने अब फिल्म स्त्री के तीसरे भाग को लेकर जो अपडेट दिया है वो शायद आपको निराश कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू में राजकुमार राव ने स्त्री 3 पर एक बड़ा अपडेट देते हुए कहा है कि यह वह नहीं है जिसकी प्रशंसक उम्मीद कर रहे थे। हाल ही में बातचीत में राजकुमार राव ने स्त्री 3 पर अपडेट देते हुए संकेत दिया कि इस पर काम चल रहा है लेकिन यह जल्द ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा, स्त्री 3 जरूर आएगी लेकिन जल्द ही नहीं आएगी। राजकुमार ने यह भी कहा, स्त्री 3 को बनाने में कुछ समय लगेगा, लेकिन इसके पिछले भाग की तरह इसमें छह साल नहीं लगेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्देशक अमर कौशिक, निर्माता दिनेश विजान और लेखकों सहित टीम एक बेहतरीन कहानी गढ़ने पर ध्यान दे रहे हैं।

राजकुमार ने आगे बताया कि टीम इसे सही तरीके से बनाने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, न कि फिल्म की सफलता को भुनाने के लिए सीक्वल बनाने की जल्दबाजी में इसे बनाया जाएगा। स्त्री और स्त्री 2 के बीच छह साल के अंतराल को ध्यान में रखते हुए , उन्होंने स्त्री 3 के ऊपर आवश्यक समय लेने के महत्व पर जोर दिया है। राजकुमार ने स्त्री में अपने प्रिय किरदार विक्की के बारे में बात करते हुए कहा कि वह इस किरदार को अपने दिल से बहुत प्यार करते हैं। वह विक्की के नासमझ, सरल स्वभाव से खुद को जुड़ा महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने किरदार की तरह, उनका भी दिल साफ है और वह दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करना पसंद करते हैं। हालांकि, वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि भले ही उनमें विक्की की आत्मा है, लेकिन वह खुद को कभी भी भूत के प्यार में पड़ते नहीं देखते। काम की बात करें तो राजकुमार के लिए यह साल काफी व्यस्त रहा, जिसमें उन्होंने स्त्री 2, श्रीकांत, मिस्टर एंड मिसेज माही और विक्की और विद्या का कौन वाला वीडियो में भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने हाल ही में मालिक की शूटिंग भी पूरी की है, जो उनकी अगली रिलीज़ होगी।

# वरुण धवन की भेड़िया 2 में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर?



श्रद्धा कपूर को लेकर बीते कुछ समय से अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह वरुण धवन की फिल्म भेड़िया 2 में कैमियो भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, अब इन अटकलों पर खुद अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़कर बड़ा खुलासा किया है। श्रद्धा कपूर ने इस साल अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 से दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। वहीं, अब हर किसी की निगाहें श्रद्धा के आगामी प्रोजेक्ट्स पर टिकी हुई हैं। स्त्री 3 को तो लेकर श्रद्धा अपडेट दे ही चुकी हैं। इसी बीच वह वर्तमान में सऊदी अरब में चल रहे रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 का हिस्सा बनीं और एक स्पष्ट बातचीत में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्मों को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए।

# अक्षय अभिनीत भूत बांग्ला की रिलीज टली



बॉक्स ऑफिस पर कई असफलताओं का सामना करने के बाद, अक्षय कुमार अपनी सबसे सफल शैली में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं क्योंकि अभिनेता 14 साल के लंबे अंतराल के बाद फिल्म निर्माता प्रियदर्शन के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। दोनों ने हाल ही में भूत बांग्ला नामक एक आगामी हॉरर कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए सहयोग किया, जिसकी घोषणा कुछ महीने पहले की गई थी। अब, अभिनेता ने फिल्म की नई रिलीज़ डेट का खुलासा करने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया, क्योंकि भूत बांग्ला को स्थगित कर दिया गया है और यह 2025 में रिलीज़ नहीं होगी। अक्षय कुमार द्वारा शेयर की गई पोस्ट के अनुसार, भूत बांग्ला अब 2 अप्रैल, 2026 को बड़े पर्दे पर आएगी। आज से हम अपनी हॉरर कॉमेडी ±भूत बांग्ला की शूटिंग शुरू कर रहे हैं, यह डर और हंसी का डबल डोज आपके लिए 2 अप्रैल, 2026 को तैयार होगा! तब तक के लिए आपको शुभकामनाएं चाहिए, अभिनेता ने अपनी पोस्ट के साथ लिखा।

## अक्षय के अन्य प्रोजेक्ट

अक्षय कुमार के लिए 2025 काफी व्यस्त रहने वाला है, क्योंकि अगले साल उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। अक्षय अगली बार निमरत कौर के साथ स्काई फोर्स में नजर आएंगे। उनके पास सी शंकर के जीवन पर आधारित एक फिल्म भी है। इसके अलावा, वह कॉमेडी फ्रेंचाइजी, हाउसफुल और वेलकम की आगामी किस्त में भी अभिनय करेंगे।



# पुष्पा 2 के बाद फिर धमाल मचाने को तैयार अल्लू अर्जुन

अल्लू अर्जुन ने हाल ही में त्रिविक्रम श्रीनिवास से फिल्म के निर्माण के बारे में चर्चा की। खुलासा किया गया कि स्क्रिप्टिंग का काम पूरा होने वाला है और त्रिविक्रम जल्द ही अल्लू अर्जुन को अंतिम स्क्रिप्ट सुनाएंगे। पुष्पा 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर इसकी शुरुआत शानदार रही है। अल्लू अर्जुन भी इन दिनों फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, इस बीच अब अल्लू अर्जुन की नई फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पुष्पा 2 की सफलता के बाद अब अल्लू अर्जुन ने अपना ध्यान त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ अपनी अगली फिल्म पर केंद्रित कर लिया है। यह प्रोजेक्ट बहुत पहले ही लॉक हो चुका था और यह त्रिविक्रम की पहली अखिल भारतीय फिल्म होगी।

## जल्द पूरी होगी फिल्म की स्क्रिप्ट

रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अर्जुन ने हाल ही में त्रिविक्रम श्रीनिवास से फिल्म के निर्माण के बारे में चर्चा की। टीम के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि स्क्रिप्टिंग का काम पूरा होने वाला है और त्रिविक्रम जल्द ही अल्लू अर्जुन को अंतिम स्क्रिप्ट सुनाएंगे। सीतारा एंटरटेनमेंट इस फिल्म को बड़े पैमाने पर निर्मित करेगा, जिसमें नागा वामसी इसके निर्माण की देखरेख करेंगे। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जनवरी 2025 में होने की उम्मीद है, जो शुभ संक्रांति त्योहार के साथ मेल खाता है।

## प्री-प्रोडक्शन का काम जारी

प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है और हिंदी सिनेमा के कई नामचीन नाम इस फिल्म में अहम भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, त्रिविक्रम ने अल्लू अर्जुन के लिए एक और दमदार एंटरटेनर तैयार किया है। ऐसी अटकलें हैं कि यह फिल्म एक पीरियड ड्रामा हो सकती है, हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

## नई फिल्म पर काम कर रहे अल्लू अर्जुन

दूसरी ओर त्रिविक्रम की पिछली फिल्म गुंटूर करम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बॉक्स ऑफिस पर औसत से भी कम प्रदर्शन करने वाली फिल्म रही। खबर है कि वह अल्लू अर्जुन के साथ अपनी आगामी फिल्म की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। फिलहाल, अल्लू अर्जुन ने अपना ध्यान अपने नए प्रोजेक्ट पर केंद्रित कर लिया है और प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि बनी और त्रिविक्रम श्रीनिवास की यह रोमांचक जोड़ी उनके लिए क्या लेकर आती है।

# मौनी रॉय ने जताई डांस आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा



एंटरप्रेन्योर-अभिनेत्री मौनी रॉय का ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से सुर्खियां बटोरना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने विभिन्न डांस कला को सीखने के अपने जुनून का खुलासा किया और एक डांस-आधारित फिल्म करने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने साझा किया, मुझे विभिन्न प्रकार के डांस सीखना पसंद है, और कहा, मैं एक दिन ऐसी फिल्म पर काम करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं! मौनी अक्सर अपने सोशल मीडिया के जरिए डांस के प्रति अपना दीवानगी जाहिर करती रहती हैं। वह अक्सर विभिन्न डांस शैलियों में अपने प्रदर्शन के वीडियो और इम्प्रोम्टू डांस सेशन साझा करती हैं। पर्दे पर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर अभिनेत्री ने खुलासा किया कि डांस उनकी लव लैंग्वेज है और यह उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। वर्तमान में, मौनी कई रोमांचक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे प्रशंसकों में उत्सुकता बनी हुई है कि आगे क्या होगा। वह सक्रिय रूप से कई दिलचस्प स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। डांस के प्रति अपने बढ़ते उत्साह और आशाजनक परियोजनाओं के साथ, मौनी रॉय अपने ऑन-स्क्रीन करिश्मा से अपने प्रशंसकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## व्यापार

संसेक्स 81526.14 पर बंद
निफ्टी 24641.80 पर बंद

सोना 75,550
चांदी 95,500

संक्षिप्त समाचार

## टर्टल वैक्स इंडियाने भोपाल में ऑल– न्यू कार केयर स्टूडियो शुरू किया

**भोपाल।** शिकागो स्थित पुरस्कार विजेता कार केयर कंपनी टर्टल वैक्स, इंक. ने आज भोपाल, मध्य प्रदेश में भवानी मोटर्स के साथ मिलकर एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो शुरू करने की घोषणा की। यह स्टूडियो खसरा नंबर, 78/4, होशंगाबाद रोड, मिसरोद में स्थित है। अत्याधुनिक टर्टल वैक्स 0 डिटेलिंग तकनीकों से सुसज्जित इस स्टूडियो में उच्च योग्यता प्राप्त और प्रशिक्षित कर्मचारियों की टीम है, जो कार उत्साही ग्राहकों की व्यक्तिगत पसंद के अनुसार डिज़ाइन की गयी विस्तृत कार डिटेलिंग सेवाएं और उत्पाद ऑफर करती है। स्टूडियो का उद्घाटन श्रीमती कृष्णा गौर जी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया गया।भवानी मोटर्स को कार केयर और डिटेलिंग में वर्षों का अनुभव है, जो अब भोपाल में टर्टल वैक्स की डिटेलिंग इनोवेशन और विशेषज्ञता के साथ जुड़ा है। यह साझेदारी सर्वोत्तम गुणवत्ता और ग्राहक सेवा के माध्यम से उपभोक्ताओं को पेशेवर वाहन देखभाल और स्वच्छता की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है। इस स्टूडियो में टर्टल वैक्स की सिरेमिक और ग्रेफीन रेंज से कई तरह के केयर पैकेज उपलब्ध हैं, जो नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए बेहतरीन परिणाम देते हैं। ग्राहक अब कार केयर स्टूडियो में, पेटेंटेड ग्राफीन तकनीक के साथ हाइब्रिड सॉल्यूशंस और हाइब्रिड सॉल्यूशंस प्रो जैसे टर्टल वैक्स 0 के प्रसिद्ध डिटेलिंग उत्पादों द्वारा पेशेवर परिणामों का अनुभव कर सकते हैं। साजन मुरली पुरवंगारा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेडने कहा, हमने मध्य प्रदेश में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां भोपाल में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का निर्णय लिया है। इस नए स्टूडियो के साथ, हमारा उद्देश्य राज्य में बेहतरीन गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवाएं प्रदान करना है। ब्रांड को अद्वितीय डीआईएफएम सेवाओं का अनुभव करने के लिए श्रेणियों और उत्पादों की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध होने पर गर्व है। हमें विश्वास है कि भवानी मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी हमें इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार केयर सेवाएं और लाभ प्रदान करने में मदद करेगी। हम अपने डीलर नेटवर्क पर गर्व महसूस करते हैं और आने वाले वर्षों में इसे मजबूत करते हुए देश के टियर टू और टियर थ्री शहरों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाएंगे।

## सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर, 2024 को खुला

**मुंबई, एजेंसी।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो समग्र इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट और सपोर्ट सर्विसेज में विशेषज्ञता रखता है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। इश्यू साइज 10 प्रति अंकित मूल्य के 65,79,200 इक्विटी शेयरों तक है, जिसमें प्रति शेयर 72 - 76 का प्राइस बैंड है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी के संचालन के अतिरिक्त उच्च मार्जिन वाले व्यवसायों के रणनीतिक अधिग्रहण के माध्यम से अवयवात्मक पहलों को बढ़ावा देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा। इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर खांडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है, और इश्यू का रजिस्ट्रार के.फिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड है।अमोल शिंगटे, सीईओ और निदेशक, सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने कहा, यह अत्यंत उत्साह के साथ है कि हम अपने आगामी आईपीओ की घोषणा कर रहे हैं।

# ऑनलाइन शॉपिंग में हुई करोड़ों की ठगी, मिंत्रा से जुड़ा है मामला

**बेंगलुरु एजेंसी।** ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी मिंत्रा को करोड़ों की ठगी का शिकार होना पड़ा है। जयपुर के एक गिरोह ने कंपनी के रिफंड सिस्टम का गलत फायदा उठाया। मार्च से जून के बीच बेंगलुरु में ही मिंत्रा को 1.1 करोड़ रुपये का चूना लगा है। देशभर में यह नुकसान 50 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। ठगों ने ब्रांडेड जूते, कपड़े, बैग, कॉस्मेटिक्स, घड़ियां और गहने जैसे महंगे सामान का ऑर्डर दिया। डिलीवरी के बाद, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि सामान कम मिला, गलत मिला या फिर बिल्कुल नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने रिफंड की मांग की। मिंत्रा के ऐप में ही शिकायत दर्ज करने की सुविधा का फायदा उठाकर ठगों ने कंपनी को चूना लगाया।




मिंत्रा ने बेंगलुरु पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, लगभग 5,529 फर्जी ऑर्डर के जरिए कंपनी को नुकसान पहुंचाया गया। ये ऑर्डर बेंगलुरु के अलग-अलग पतों पर डिलीवर किए गए थे। रिफंड अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कंपनी को देशभर में लगभग 50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। लेकिन, बेंगलुरु पुलिस ने मिंत्रा को केवल शहर में हुई डिलीवरी से जुड़े मामलों की ही शिकायत दर्ज करने की सलाह दी।

ठग मिंत्रा के ऐप या पोर्टल के जरिए बल्क में ऑर्डर करते थे। पेमेंट ऑनलाइन या कैश-ऑन-डिलीवरी के जरिए किया जाता था। एक बार पार्सल मिलने के बाद, वे मिंत्रा के ऐप पर ही शिकायत दर्ज कराते थे। कभी सामान कम मिलने की शिकायत होती, तो कभी नकली या गलत सामान मिलने की। कई बार तो यह भी दावा किया जाता था कि ऑर्डर ही नहीं मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मान लीजिए किसी ने 10 जोड़ी ब्रांडेड जूते ऑर्डर किए। पार्सल मिलने के बाद वह शिकायत करता कि उसे सिर्फ 5 जोड़ी ही मिले हैं। बाकी 5 जोड़ी के पैसे वापस मांगता। इसी तरह, कपड़ों के साइज या रंग को लेकर भी शिकायतें की जाती थीं और रिफंड मांगा जाता था। उन्होंने बताया अगर किसी ने 10 जोड़ी ब्रांडेड जूते मंगवाए और पार्सल मिला, तो वो दावा करते कि सिर्फ 5 जोड़ी ही मिले हैं, फिर बाकी 5 के लिए रिफंड मांगते। कुछ लोग कपड़ों के रंग या साइज़ की भी शिकायत करते और रिफंड मांगते थे।

मिंत्रा डिजाइन के एन्फोर्समेंट ऑफिसर, सरदार एमएस ने पुलिस को बताया कि कंपनी को बेंगलुरु के विभिन्न पतों पर डिलीवर किए गए लगभग 5,529 फर्जी ऑर्डर से नुकसान हुआ है। सरदार एमएस, मिंत्रा डिजाइन एन्फोर्समेंट ऑफिसर, ने पुलिस को बताया कि कंपनी को बेंगलुरु के विभिन्न पतों पर डिलीवर किए गए लगभग 5,529 फर्जी ऑर्डर से नुकसान हुआ है। ऑडिट के दौरान इस धोखाधड़ी का पता चला। ठगों ने रिफंड अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवाए थे। मिंत्रा पूरे देश में हुए नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराना चाहती थी। लेकिन, शहर की पुलिस ने उन्हें केवल बेंगलुरु में हुई डिलीवरी से जुड़े मामलों की ही शिकायत दर्ज करने की सलाह दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जयपुर, राजस्थान का एक गिरोह इस धोखाधड़ी के पीछे है। ज्यादातर फर्जी ऑर्डर जयपुर से ही किए गए थे। डिलीवरी का पता बेंगलुरु और दूसरे बड़े शहरों में दिया जाता था। अक्सर ये पते दुकानों, चाय की दुकानों और किराना स्टोर जैसे व्यावसायिक स्थान होते थे। इस तरह, ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों के लिए ग्राहकों की सुविधा के लिए बनाए गए नियम ही उनके लिए मुसीबत बन गए। इस मामले से साफ है कि कंपनियों को अपने सिस्टम में मौजूद खामियों को दूर करने की जरूरत है, ताकि ऐसी धोखाधड़ी से बचा जा सके।

## अर्थव्यवस्था नए साल में मजबूती से बढ़ने को तैयार, रेपो दर मामूली घटेगी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीडीपी की रफ्तार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में धीमी रहने के बीच एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स को उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में भी मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। साथ ही, अगर महंगाई का दबाव कम हुआ तो आरबीआई नए साल में रेपो दर में मामूली कटौती कर सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा, मजबूत शहरी खपत, सेवा क्षेत्र में स्थिर वृद्धि और बुनियादी ढांचे में जारी निवेश से 2025 में अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने 2025 के भारत के अपने ताजा परिदृश्य में कहा, श्रमबल में भागीदारी बढ़ाने के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा करना, बुनियादी ढांचे व प्रौद्योगिकी में और सुधार, मजबूत सार्वजनिक एवं घरेलू बैलेंस शीट से भारत की आर्थिक वृद्धि को अतिरिक्त समर्थन मिलने की उम्मीद है।? एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी की वृद्धि दर को 6.8 फीसदी पर कायम रखा है। 2025-26 में इसके 6.9 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान जताया है।

# अडानी ने अमेरिकी कंपनी के साथ डील रद्द की

▶▶ यह डील श्रीलंका में पोर्ट के लिए लोन से जुड़ी थी ▶▶ कंपनी अब इंटरनल सोर्स का इस्तेमाल करेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी कोर्ट में रिश्वत देने के आरोपों का सामना कर रहे गौतम अडानी ने एक काम से अपने हाथ पीछे कर लिए हैं। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि वह श्रीलंका में अपने एक पोर्ट प्रोजेक्ट में अब अमेरिका की मदद नहीं लेगी। कंपनी ने कहा है कि वह इस प्रोजेक्ट के लिए अपने ही संसाधनों का इस्तेमाल करेगी।

अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए कंपनी की अमेरिकी कंपनी यूएस डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन के साथ 553 मिलियन डॉलर के लोन की बात चल रही थी। लेकिन अब अडानी पोर्ट ने लोन की इस रिक्वेस्ट को वापस ने लिया है। एपीएसईजेड और डीइसी के बीच 553 मिलियन डॉलर के लोन की डील पिछले साल नवंबर में हुई थी। डीइसी के प्रवक्ता ने बताया कि लेन-देन को 2023 में मंजूरी दी गई थी, लेकिन कोई धनराशि वितरित नहीं की गई थी। मंजूरी के बाद स्थिति की समीक्षा की जा रही थी।



### अब क्या करेगी कंपनी?

इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक अडानी पोर्ट्स ने मंगलवार देर रात इसकी जानकारी स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी। कंपनी ने कहा कि उसने डीइसी से फंड का अपना अनुरोध वापस ले लिया है। कंपनी ने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट के लिए अब आंतरिक संसाधनों का इस्तेमाल करेगी। इसके लिए इंटरनल सोर्स और कैपिटल मैनेजमेंट रणनीति अपनाई जाएगी। कंपनी के मुताबिक श्रीलंका में सीडब्ल्यूआईटी प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है। यहां नए टर्मिनल का काम चालू है। इसके अगले साल की शुरुआत तक चालू होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अडानी पोर्ट्स और श्रीलंकाई ग्रुप जॉन कील्स होल्डिंग्स की ओर से किया जा रहा है। इसके लिए अडानी पोर्ट्स ने श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी और जॉन कील्स होल्डिंग्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रोजेक्ट सितंबर 2021 में शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य कोलंबो पोर्ट की क्षमताओं का विस्तार करना है। सीडब्ल्यूआईटी श्रीलंका का सबसे बड़ा और सबसे गहरा कंटेनर टर्मिनल होगा। इसकी लंबाई 1400 मीटर और गहराई 20 मीटर की होगी।

# उद्योग जगत राजनीतिक, रणनीतिक नीतियों को ध्यान में रखते हुए खुद को पुनर्गठित करे, बोलीं वित्त मंत्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उद्योग जगत को देश के राजनीतिक और रणनीतिक निर्णयों को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियों में बदलाव करना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यह बात कही। अगले दशक के लिए अर्थव्यवस्था की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि वैश्विक शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जाने चाहिए और कहा कि युद्ध या किसी भी प्रकार के व्यवधान से बचा जाना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति एक बड़ी चुनौती है। इसका पहला कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान है। यह हम सभी पर निर्भर है। इसलिए यह जरूरी है कि उद्योग, सरकार, नीति निर्माता, नागरिक और नागरिक मंच सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास करें। सीतारमण ने कहा कि कोविड महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को अपनी ताकत हासिल करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे और किसी भी झड़प या युद्ध से आपूर्ति शृंखला और खाद्य मूल्य शृंखला प्रभावित होगी।मंत्री ने दिल्ली में सीआईआई के वैश्विक आर्थिक नीति फोरम में कहा, ''विश्व चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसका असर अर्थव्यवस्था पर दिखता है।'' आपूर्ति शृंखला के व्यवधानों से निपटने के तरीकों के बारे में बात करते हुए, सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में आर्थिक प्राथमिकताओं को राजनीति और रणनीतिक जरूरतों के साथ मिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम आपूर्ति शृंखलाओं को सुचारु आपूर्ति शृंखलाओं के रूप में बहाल करने करने की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह केवल अर्थशास्त्र नहीं है, यह उससे कहीं अधिक है... हमें न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से भी अपने निर्णय स्वयं लेने होंगे। सीतारमण ने कहा, आपूर्ति शृंखलाओं को बहाल करना होगा, लेकिन आपको इसे फिर से स्थापित करना होगा, इसे फिर से पटरी पर लाना होगा, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इतना फैल जाए कि कोई भी भू-राजनीतिक या रणनीतिक जोखिम हमारी भलाई के लिए खतरा न बने। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में सीखे गए सबक से हमें यह पता चलता है कि देश को अब पुनर्गठन करना होगा, और उद्योग को न केवल आर्थिक सिद्धांतों पर बल्कि अन्य आधारों पर भी खुद को पुनर्गठित करना होगा। सीतारमण ने कहा कि पैमाने और विस्तार तथा रोजगार सृजन के लिए बड़े, छोटे और मध्यम उद्योगों को मिश्रित करने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ने टिप्पणी करते हुए कि पैमाना जोड़ना ही एकमात्र मापदंड नहीं हो सकता कहा, उद्योग को नई चुनौतियों के साथ तालमेल बिठाने के तरीकों पर विचार करना होगा।




## बोइंग ने अमेरिका में सैकड़ों कर्मियों को निकाला, 17000 कर्मचारी हो जाएंगे प्रभावित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस दिग्गज कंपनी 'बोइंग' ने अमेरिका में योजनाबद्ध कटौती के तहत वाशिंगटन प्रांत और कैलिफोर्निया प्रांत में सैकड़ों अतिरिक्त कर्मचारियों को निकाल दिया है। इस छंटनी के बाद अंततः कंपनी के कर्मचारियों की संख्या लगभग 17,000 कम हो जाएगी। यह एक बड़ी छंटनी है, जिसके तहत वाशिंगटन राज्य में करीब 400 बोइंग कर्मचारियों और कैलिफोर्निया में 500 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। बोइंग ने पहले घोषणा की थी कि वह आने वाले महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत की कटौती करेगी क्योंकि वह वित्तीय तथा नियामक समस्याओं व करीब दो माह तक चली अपने मशीनिस्टों की हड़ताल से उबरने की कोशिश कर रही है। सीईओ केली ऑर्टबर्ग ने कहा है कि हड़ताल के कारण छंटनी नहीं हुई है। यह कटौती अत्यधिक कर्मचारियों की नियुक्ति का नतीजा है। इस बारे में सभी को सूचित किया गया था।

## अदालतों में धन शोधन के 28 प्रतिशत मामलों की सुनवाई लंबित, सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी



**नईदिल्ली।** बीते छह वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नामित अदालतों के पास दायर धन शोधन आरोपपत्रों में से लगभग 28 प्रतिशत में मुकदमा लंबित है। सरकार ने मंगलवार को संसद में यह जानकारी दी। एक लिखित उत्तर में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा को बताया कि संघीय धन शोधन निरोधक एजेंसी ने 2019 और अक्तूबर 2024 के बीच 911 आरोपपत्र दायर किए, जिनमें सबसे अधिक 239 पिछले साल अदालतों के समक्ष रखे गए। वित्त राज्य मंत्री ने कहा, (छह वर्ष की अवधि के दौरान) दायर की गई 911 अभियोजन शिकायतों (आरोपपत्रों) में से, आज की तिथि तक 257 मामलों में सुनवाई लंबित है। चौधरी ने बताया, धन शोधन के अपराध के 42 मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित की गई है, जिसमें 99 आरोपियों को सजा सुनाई गई है और अपराध की आय जब्त कर ली गई है। मंत्री ने कहा कि 4 दिसंबर तक, देश भर में धन शोधन से संबंधित अपराधों की सुनवाई के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कुल 106 विशेष अदालतें काम कर रही हैं।

# यश हाईवोल्टेज लिमिटेड का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** यश हाईवोल्टेज लिमिटेड, जो हाई वोल्टेज और हाई करंट ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता और वितरक में से एक है, 12 दिसंबर, 2024 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य 110.01 करोड़ तक जुटाना है, और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक ट्रांसफॉर्मर कंडेन्सर ग्रेडेड बुशिंग्स के निर्माण के लिए एक नया कारखाना स्थापित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर बोली प्रक्रिया 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और इश्यू 16 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। इश्यू के लिए इंडओरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। यह आईपीओ यश हाईवोल्टेज लिमिटेड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो ऊर्जा क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने में हमारी प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता को दर्शाता है। वर्षों से, हमने उच्च गुणवत्ता वाले ट्रांसफॉर्मर बुशिंग्स के प्रमुख निर्माता के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की है और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को लगातार पूरा किया है। इस आईपीओ से प्राप्त धनराशि हमें रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड पेपर और रेज़िन इम्प्रेग्नेटेड सिंथेटिक बुशिंग्स के लिए एक अत्याधुनिक निर्माण सुविधा स्थापित करके हमारी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी।

# हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने ग्यालसुंग इन्फ्रा, भूटान के साथ एमओयू साइन किया

**मुंबई, एजेंसी।** हार्डविन इंडिया लिमिटेड जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में अग्रणी कंपनी है, ने भूटान की द ग्यालसुंग इंफ्रा के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाओं के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करने में गर्व महसूस करती है। ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता इसकी सफलता का आधार है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड की यह रणनीतिक पहल उसे वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने और भूटान के तेजी से विकसित हो रहे बाजार की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। हार्डविन इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रुबलजीत सिंह सायल ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हार्डविन इंडिया लिमिटेड और द ग्यालसुंग इंफ्रा, भूटान के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के तहत भूटान में ग्यालसुंग इंफ्रा द्वारा किए जाने वाले भवन नवीनीकरण और आगामी परियोजनाओं के लिए सभी आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स की आपूर्ति हार्डविन इंडिया लिमिटेड द्वारा की जाएगी।

Hardwyn
Since 1965
Perfection Redefined

## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऑर्डर प्राप्त हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक (बीसीएस) (बीएसईः 539607), एक नवाचारपूर्ण एआईओटी सॉल्युशंस प्रदाता और विभिन्न क्षेत्रों में एआई-प्रेरित सॉल्युशंस में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी कंपनी ने घोषणा की है कि उसने अपने ब्लूपोर्ट- मोबाइल डिवाइस सॉल्युशंस (एमडीएम) प्लेटफॉर्म को वितरित करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो विशेष रूप से बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन को ऑपटीमाइज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है बीएलयूपोर्ट एक अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म है जो विशेष रूप से स्वास्थ्य संगठनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हेल्थकेयर संगठनों को उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपने बायोमेडिकल डिवाइस प्रबंधन को बेहतर बनाने में सक्षम बनाता है जो मज़बूत सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

# स्टार शटलर पीवी सिंधु ने पीएम मोदी को दिया शादी का निमंत्रण





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अपने होने वाले पति वेंकट दत्त साई के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके 'प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन' के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिंधु 22 दिसंबर को वेंकट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात पर विचार करते हुए, सिंधु पीएम मोदी की उनके साथ बैडमिंटन और वेंकट के साथ डेटा पर चर्चा करने की क्षमता से आश्चर्यचकित रह गईं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपके साथ समय बिताना हमेशा बहुत खास होता है। सर। हम आपके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हैं। यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि आप मेरे साथ बैडमिंटन और दत्ता के साथ डेटा पर इतनी सहजता से चर्चा कैसे कर सकते हैं।

एक्स पर निर्मला सीतारमण कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक दृश्य में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने वेंकट के साथ वित्त मंत्री से भी मुलाकात की।

सिंधु ने महान सचिन तेंदुलकर को अपनी शादी में आमंत्रित किया था। शटलर से शादी का निमंत्रण मिलने के बाद तेंदुलकर ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया।

तेंदुलकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- बैडमिंटन में, स्कोर हमेशा 'प्यार' से शुरू होता है, और वेंकट दत्त साई के साथ आपकी खूबसूरत यात्रा यह सुनिश्चित करती है कि यह हमेशा 'प्यार' के साथ जारी रहे! अपने बड़े दिन का हिस्सा बनने के लिए हमें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। आप दोनों को जीवन भर की शुभकामनाएं। शानदार यादें और खुशी की अंतहीन रैलियां!

# हरभजन सिंह ने भारतीय कप्तान के हालिया फॉर्म पर किया विचार, कहा- रोहित रन बनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया फॉर्म पर खुलकर बात की और कहा कि उन्हें रन बनाने की जरूरत है। घरेलू मैदान पर ट्रैविस हेड के शानदार शतक और मिशेल स्टार्क तथा पैट कमिंस के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में एडिलेड ओवल में 10 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी-25 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर वापस लाने में भी मदद की।





हरभजन सिंह ने कहा कि रोहित अगर कुछ रन बनाते हैं तो वे बेहतर सोचेंगे और बेहतर काम करेंगे। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारतीय कप्तान जल्द ही स्कोरबोर्ड पर कुछ रन बनाएंगे। हरभजन ने कहा, एक कप्तान के तौर पर मैं चाहूंगा कि रोहित शर्मा रन बनाएं। जब वह रन बनाएंगे तो बेहतर सोचेंगे और बेहतर काम करेंगे। कोई भी खिलाड़ी कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे हमेशा अपने प्रदर्शन की चिंता रहती है। इसमें कोई शक नहीं है कि जब कोई खिलाड़ी रन बनाता है तो वह बेहतर निर्णय लेता है। इसलिए, उम्मीद करते हैं कि रोहित शर्मा कुछ रन बनाएं ताकि उनकी कप्तानी बेहतर हो।

गौर हो कि भारत को एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके शेष पांच विकेट पहले सत्र में ही गिर गए थे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को 1-1 से बराबर करने के लिए व्यापक जीत हासिल की। ??भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली, जिसमें ट्रैविस हेड की 141 गेंदों पर 140 रनों की आक्रामक पारी शामिल थी। इसके बाद भारत अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ढेर हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 19 रनों की जरूरत थी। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होगा।


## दबाव सिर्फ उस्मान ख्वाजा पर नहीं बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है : डेविड वॉर्नर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी केवल सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पर नहीं है, बल्कि पूरे शीर्ष छह पर है जिन्हें टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण पर काम का बोझ कम करने के लिए बड़ा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

ख्वाजा ने सीरीज की शुरुआत खराब की है, पहले दो टेस्ट में सिर्फ 34 रन ही बना पाए हैं। शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उनकी असमर्थता लंबे समय से चल रही है, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी पिछली 16 पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। हालांकि ख्वाजा अकेले नहीं हैं जो इस परेशानी से जूझ रहे हैं। स्टीव स्मिथ ने तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बनाए हैं जबकि मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में 64 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। वार्नर ने कहा, मुझे लगता है कि दबाव सिर्फ 'उज्जी' पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है। ट्रैविस ने शानदार शतक बनाया और हम जानते हैं कि वह ऐसा करने में सक्षम है। लेकिन हर कोई इसका समर्थन कर रहा है। यह सिर्फ एक खिलाड़ी की बात नहीं है, बल्कि शीर्ष छह खिलाड़ियों ने बहुत ज़्यादा रन बनाए और सुनिश्चित किया कि तेज गेंदबाज़ों को आराम दिया जाए। पहला मैच तेज गति वाला टेस्ट था, लेकिन इस आखिरी मैच में मिचेल स्टार्क हमेशा की तरह गुलाबी गेंद से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे।

वार्नर ने नाथन मैकस्वीनी का भी समर्थन किया, जिन्होंने भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ चुनौतीपूर्ण शुरुआत की है। एडिलेड में पहली पारी में केवल 39 रन बनाने के बावजूद वार्नर ने मैकस्वीनी के स्वभाव और तकनीक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हमने दूसरे दिन उस इरादे की झलक देखी जो आप रन बनाते समय दिखाते हैं। इस बात को लेकर बहुत सारे सवालिया निशान हैं कि उन्होंने उसे क्यों चुना, लेकिन जो झलकियां आपने देखी हैं, अब हम जानते हैं कि क्यों।



## इस्राइल के याहिल बने वाले एललोब्रेगाट ओपन 2024 के विजेता

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** के सबसे मजबूत टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम रखने वाले एललोब्रेगाट ओपन शतरंज 2024 का खिताब इज़राइल के ग्रांड मास्टर याहिल सोकोलोव्स्की नें अपने नाम कर लिया है ,यहिल नें पहले बोर्ड पर अंतिम राउंड में हमवतन इंटरनेशनल मास्टर ओर ब्रोंस्टेन से अपनी बाजी ड्रॉ करते हुए 7.5 अंक बना लिए थे और ऐसे में दूसरे बोर्ड पर खेल रहे टॉप सीड चिली के ग्रांड मास्टर क्रिस्टोबल हेनरिक विजाग्रा के पास मौका था की वह फीडे के ग्रांड मास्टर सव्वा वेतोखिन को पराजित कर पहले स्थान के लिए टाई कर सके पर इस बराबर चल रहे मुक़ाबले में ज्यादा प्रयास करना उन्हे भारी पड़ा और वह बाजी हार गए और ऐसे में 7 अंको के साथ सव्वा वेतोखिन दूसरे स्थान पर पहुँच गए ।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार क्रिस्टोबल को बेहतर टाईब्रेक में 6.5 अंको पर तीसरे स्थान के लिए इज़राइल के ग्रांड मास्टर इदों गोर्शतेन से दो ब्लिट्ज़ मुक़ाबले खेले जिसमें उन्होने दोनों मुक़ाबले जीतकर 2-0 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया ।

भारतीय महिला खिलाड़ी तेजस्वनी जी नें टूर्नामेंट में 5.5 अंक बनाते हुए 38वां स्थान हासिल किया , बड़ी बात है की इसटूर्नामेंट में उनकी वरीयता 82 थी और उन्होने 2375 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी लाइव रेटिंग को 2300 के करीब पहुंचाते हुए अपना दूसरा महिला ग्रांड मास्टर नार्म हासिल कर लिया है और इसके साथ ही अब उन्हे महिला ग्रांड मास्टर बनने के लिए करीब 53 रेटिंग अंक और अंतिम नार्म की जरुरत है ।

# मेरीवाला, पांड्या और शेठ की शानदार गेंदबाजी, बंगाल को हराकर बड़ौदा सेमीफाइनल में



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** शाश्वत रावत (40), अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत (37) के बाद लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पांड्या और अतीत शेठ के (3-3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने बुधवार को पहले क्वार्टर फाइनल में बंगाल को 41 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं।

बड़ौदा के 172 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 31 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। करण लाल (छह), कप्तान सुदीप कुमार घरामी (दो), ऋतिक चटर्जी (शून्य) और अभिषेक पोरेल (22)रन बनाकर आउट हुए। ऋत्विक रॉय चौधरी और शाहबाज अहमद ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऋत्विक रॉय चौधरी (29) को आउट कर बड़ौदा के लिए चौथा विकेट झटका।

इसके बाद तो बड़ौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगाल का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। प्रदीप्त प्रमाणिक (तीन), सक्षम चौधरी (सात), मोहम्मद शमी (शून्य) और सायन घोष (0) पर आउट हुए। शाहबाज अहमद ने 36 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली। बड़ौदा के गेंदबाजों ने बंगाल की पूरी टीम को 18 ओवरों में 131 रन पर समेट कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बड़ौदा की ओर से लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पांड्या और अतीत शेठ के (3-3 विकेट) लिए। अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बंगाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा के लिए शाश्वत रावत और अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े। 10वें ओवर में सक्षम चौधरी ने अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत (37) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अगले ही ओवर में प्रदीप्त प्रमाणिक ने शाश्वत रावत (40) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रुणाल पांड्या (10), हार्दिक पंड्या (सात), शिवालिक शर्मा (24), भानु पनिया (17) और अतीत शेठ (शून्य) पर आउट हुये। विष्णु सोलंकी (16) और महेश पिठिया (छह) रन बनाकर नाबाद रहे। बड़ौदा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 172 रनों का स्कोर खड़ा किया। बंगाल की ओर से मोहम्मद शमी, कनिष्क सेठ और प्रदीप्त प्रमाणिक दो-दो विकेट लिये। सक्षम चौधरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## वेस्टइंडीज ने 10 साल में पहली बार बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती

**बासेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस) (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जेडन सील्स के चार विकेट और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के आकर्षक अर्धशतक की मदद से वेस्टइंडीज में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 79 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।

वेस्टइंडीज ने पहले बांग्लादेश को 46 ओवर में 227 रन पर आउट कर दिया और फिर 36.5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यह पिछले 10 वर्षों में पहला अवसर है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती है। उसने रविवार को इसी मैदान पर खेला गया पहला मैच पांच विकेट से जीता था। तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर गुरुवार को खेला जाएगा।




बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 115 रन था। महमुदुल्लाह (62) और तंजीम हसन साकिब (45) ने यहां से 92 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 46 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से सील्स ने 22 रन देकर चार विकेट लिए।

# लिंडे का ऑलराउंड प्रदर्शन और मिलर की आतिशी पारी, दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया

**डरबन (एजेंसी)।** जॉर्ज लिंडे (48 रन और चार विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और डेविड मिलर (82) रनों की आतिशी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। जॉर्ज लिंडे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

दक्षिण अफ्रीका के 183 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने बाबर आजम (शून्य) का विकेट तीसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद सईम अयूब ने कप्तान मोहम्मद रिजवान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ऐंडिले सिमेलाने ने सईम अयूब (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 10वें ओवर मे लिंडे ने उस्मान खान (नौ) को आउट किया।

तय्यब ताहिर (18), शाहीन शाह अफरीदी (9), इरफान खान (एक) और अब्बास अफरीदी (0) पर आउट हुए। हालांकि कप्तान मोहम्मद रिजवान एक छोर थामे खड़े रहे। 20वें ओवर में वेना मफाका ने मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। रिजवान ने 62 गेंदों में




पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। हारिस रउफ (दो) और सुफियान मकीम (पांच) रन बनाकर नाबाााद रहे।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 11 रनों से मैच हार गई। वेस्टइंडीज की ओर से जॉर्ज लिंडे ने 21 रन देकर चार विकेट लिए। वेना मफाका को दो विकेट मिले। ऑटनील बाटमैंन और ऐंडिले सिमेलाने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड मिलर (82) और जॉर्ज लिंडे (48) रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 183रन का स्कोर खड़ा किया।

कप्तान हाइनरिक क्लासन (12) और वेना मफाका (नाबाद (12) रनों का योगदान दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट झटके। अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। सुफियान मकीम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में पैदल ही एनएच-9 हाईवे पार कर रहे लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, 3 की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में एनएच-9 को पैदल पार करते समय अज्ञात वाहन ने चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल महिला का दिल्ली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे का शिकार हुए लोग मंगलवार देर रात एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते वक्त पैदल एनएच-9 पार कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार रात क्रॉसिंग रिपब्लिक के थाना क्षेत्र में भारत पेट्रोल पंप के सामने सड़क हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि चार लोग मुरादाबाद में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटे थे। भारत पेट्रोल पंप पर उतरने के बाद वह पैदल एनएच-9 को पार करने लगे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान एक अज्ञाक तेज रफ्तार वाहन ने चारों को रौंद डाला। हादसे में गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी के मोहल्ला ठाकुरान ब्रह्मपुरी में रहने वाले पवन कुमार की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन घायल महिलाओं को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया।

### आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत ने कोयला चोरी मामले में 49 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए

**आसनसोल, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक विशेष सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) अदालत ने अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में अनूप माजी द्वारा 'ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' की खदानों से 1,340 करोड़ रुपये मूल्य के कोयले की कथित चोरी के संबंध में 49 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इस मामले में आरोपी प्रभावशाली व्यक्तियों में विकास मिश्रा भी शामिल हैं, जिनके भाई एवं तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस नेता विनय मिश्रा फरार हैं। आसनसोल की एक विशेष अदालत में दायर अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने आरोप लगाया कि माजी और उसके गिरोह ने 2015 से 2020 के बीच कम से कम 31 लाख मीट्रिक टन कोयला चुराया। कुल 49 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होने के बाद आरोप पत्र मंगलवार को सार्वजनिक किया गया। एजेंसी ने इस मामले में अब तक तीन आरोपपत्र दाखिल किए हैं। एजेंसी ने बताया कि सह-आरोपी लोक सेवकों के ''संरक्षण में'' 1,340 करोड़ रुपये का कोयला चुराया गया।

### झारखंड में एक महिला ने अपनी नवजात बालिका को नदी में 'फेंका'

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक महिला ने अपनी नवजात बालिका को एक नदी में कथित रूप से फेंक दिया जिससे उसकी (बच्ची की) मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि जादूगोरा के डुरकु गांव में 30 वर्षीय यह महिला अपनी बेटी के साथ नहाने गयी थी और उसने उसे नदी में फेंक दिया। पुलिस उपाधीक्षक (मुसाबनी) संदीप भगत ने बताया कि बच्ची का शव सोमवार को मिला। भगत ने बताया कि महिला के पति ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी है लेकिन उसकी (महिला की) इस हरकत की सटीक वजह का तत्काल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

### मानवाधिकार भारतीय संस्कृति में समाहित है : कानून मंत्री मेघवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सामाजिक सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई योजनाओं का पूरा लाभ मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि मानवाधिकार हमेशा से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन पहल से लोगों को मानवाधिकार हासिल करने में मदद मिली है।

# महाराष्ट्र चुनाव में ईवीएम एसओपी का पालन नहीं हुआ, अब सुप्रीम कोर्ट जाएगा इंडिया ब्लॉक

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग और भाजपा पर चुनाव में कथित 'धांधली' का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। मंगलवार को शरद पवार गुट के नेता प्रशांत जगताप ने इसकी जानकारी दी। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और जाने-माने वकील एवं कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी के बीच यहां हुई एक बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गई।



विपक्षी गठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के पक्ष में ईवीएम में कथित गड़बड़ी हुई जिसके कारण वह महाराष्ट्र में चुनाव हार गया। बैठक के दौरान केजरीवाल ने दिल्ली में मतदाता सूची से संबंधित अपनी चिंताओं को उठाया, जहां अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। प्रशांत जगताप ने एएनआई को दिए बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा को जिताने के लिए जो धांधली की गई, उसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है और हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष अदालत हमारे पक्ष में और घोटाले के खिलाफ फैसला सुनाएगी।

इससे पहले निवार्चन आयोग (ईसीआई) ने कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में डाले गए वोट और 'वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीपीपैट) पर्चियों के मिलान में कोई भी गड़बड़ी नहीं पाई गई। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औचक तरीके से चुने गए मतदान केंद्रों से वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती सफलतापूर्वक पूरी हुई।

विपक्षी गठबंधन ने एनडीए पर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान चुनावी धांधली का आरोप लगाया है और कहा है कि सरकार को लाभ पहुंचाने के लिए प्रक्रिया में हेराफेरी की गई। बता दें कि ईवीएम विपक्षी भारतीय ब्लॉक और एनडीए के बीच एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। विपक्ष ने कई मौकों पर भाजपा पर मनचाहा परिणाम पाने के लिए चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया है।

**चुनाव परिणामों पर इंडिया ब्लॉक क्यों खफा:** हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद इंडिया ब्लॉक असंतुष्ट इसलिए है, क्योंकि कुछ एग्जिट पोल में विपक्ष को व्यापक जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई थी। जबकि हरियाणा की 90 सीटों में भाजपा ने बंपर 48 सीटें जीती, जबकि कांग्रेस को केवल 37 सीटें ही मिल सकीं। एग्जिट पोल के बाद जलेबियों का ऑर्डर दे चुकी कांग्रेस को मतगणना के बाद शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

## फरीदाबाद में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के 60 प्रतिशत आवेदन हुए रद्द

**फरीदाबाद , एजेंसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने फरीदाबाद में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आए 60 फीसदी आवेदन रद्द कर दिए हैं। इसकी वजह आवेदकों का योजना का पात्र नहीं होना है। इसकी सबसे अहम शर्त यह है कि योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी का लाभ लेने के लिए आवेदक की वार्षिक बिजली खपत 2,400 यूनिट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

इस वजह से इस योजना का बड़ी आबादी को लाभ नहीं मिल पा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास इस योजना के लिए तीन दिसंबर तक 212 आवेदन आए थे। विभाग द्वारा इन आवेदनों की जांच की गई। जांच के दौरान यह आवेदक योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी के पात्र नहीं पाए गए। इस वजह से विभाग ने 117 आवेदन रद्द कर दिए हैं, जबकि 89 आवेदक पात्र पाए गए हैं। अभी छह आवेदन लंबित हैं। इनकी विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

बिजली निगम के अनुसार, ग्रेटर फरीदाबाद में सबसे ज्यादा 83 आवेदन आए हैं। इसके बाद बल्लभगढ़ मंडल से 68, ओल्ड फरीदाबाद मंडल से 39 और एनआईटी मंडल से 22 आवेदन आए हैं। बिजली निगम के एक अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए कुछ शर्तें बनाई जाती हैं। जो भी आवेदक शर्त पूरी नहीं करता है तो उसका आवेदन रद्द किया जा रहा है।

इसमें आवेदक की दो श्रेणी बनाई गई हैं। इनमें एक लाख 80 हजार वार्षिक आय वाले आवेदक को दो किलोवाट के कनेक्शन के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये और प्रदेश सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं एक लाख 80 हजार रुपये से तीन लाख रुपये तक की आय वालों के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये की सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा 20 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। वहीं वार्षिक बिजली खपत का औसत 2,400 यूनिट से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस योजना के तहत पात्रों को घरों की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाती है।

## थमा नहीं है किसानों का आंदोलन, अब 14 दिसंबर को करेंगे दिल्ली कूच; सितारों से मांगा समर्थन

**जालंधर, एजेंसी।**
दो बार नाकाम रहने के बाद अब किसान 14 दिसंबर को शंभू बोर्डर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। आज संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिस में यह निर्णय लिया गया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। इससे पहले किसान दो बार दिल्ली कूच की कोशिश कर चुके है। लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें बार्डर क्रॉस नहीं करने दिया।

किसान नेता पंधेर ने आरोप लगाया कि उनकी मांगों को सुनने तक के लिए सरकार का कोई प्रतिनिधि नहीं आया जबकि किसान हमेशा बातचीत को तैयार रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली कूच के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पंढेर ने किसानों की मांगों का समर्थन करने के लिए फिल्म स्टार्स, सिंगर्स, धार्मिक नेताओं से अपील की है। उन्होंने कहा कि दिग्गज हस्तियां किसानों की मांगों को लेकर साथ आएं और किसानों की आवाज बुलंद करें। पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पंधेर ने कहा कि पुलिस की तरफ से कल जो आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे, उनका असर अभी भी है।

सुप्रीम कोर्ट के बाद अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने भी शंभू और खनौरी बॉर्डर खोलने की जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। इस से एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी बॉर्डर खोलने की याचिका खारिज कर दी थी और एक ही मामले को लेकर बार बार याचिका दायर करने पर याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई थी। किसान नेता डल्लेवाल के मरणव्रत को आज 15 दिन हो गए हैं और तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। किडनी और लिवर पर असर पड़ रहा है। डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए कहा कि उनका वजन 11 किलो कम हो चुका है। डल्लेवाल की तंदुरूस्ती के लिए 11 दिसंबर को सभी गांवों में धार्मिक स्थलों पर किसान अरदास करेंगे।

## हिमाचल प्रदेश में शीतलहर का कहर ! जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो में माइनस 12 डिग्री पहुंचा तापमान

**बर्फबारी और बारिश भी**



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश का मौसम बदलता जा रहा है। प्रदेश में शीतलहर जारी है। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि कुछ इलाकों में हल्की बर्फबारी भी हुई। हिमाचल प्रदेश में जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 12.7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश मौसम विभाग ने वेदर का अपडेट देते हुए प्रदेश के पूरे हफ्ते के मौसम का हाल बताया है।

हिमाचल प्रदेश के मौसम को लेकर जानकारी देते हुए स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि शिमला के खदराला, कोकसर (लाहौल-स्पीति) और कल्पा में क्रमश : 2.0 सेंटीमीटर, 0.5 सेंटीमीटर और 0.2 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटे में बहुत हल्की बारिश और बर्फबारी हुई और अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहा। भाबानगर, कोटखाई और राजगढ़ में क्रमश : 1.8 मिलीमीटर, 0.5 मिलीमीटर और 0.1 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा प्रदेश के कई इलाकों में बर्फबारी देखने को मिली है। आने वाले दिनों बर्फबारी को लेकर अपडेट आया है।

पूरे हफ्ते कैसा रहेगा मौसम

हिमाचल प्रदेश के मौसम को लेकर अपडेट देते हुए मौसम विभाग ने बताया कि पूरे हफ्ते बर्फबारी और बारिश का दौर जारी रहेगा। हालांकि, कई इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही कुछ अन्य इलाकों में भी बर्फबारी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग ने बताया कि लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर जिलों और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में 12 दिसंबर को हल्की बारिश और बर्फबारी को छोड़कर अगले सात दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश का तापमान और तेजी से नीचे जाएगा। इस दौरान शीतलहर से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार से दुखी हैं कनाडाई हिंदू, टोरंटो में किया प्रदर्शन

**टोरंटो, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही ज्यादती के खिलाफ टोरंटो में विरोध प्रदर्शन किया गया। कनाडाई हिंदुओं ने बांग्लादेश की सरकार से हिंसा पर रोक लगा शांति बहाली की अपील की है। लेकिन, बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो अत्याचार की घटनाएं बढ़ ही रही हैं। बुधवार को कनाडाई हिंदू समुदाय ने बांग्लादेशी वाणिज्य दूतावास के बाहर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। कनाडाई हिंदू वालंटियर्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोग एकत्रित हुए। सभी ने इस दौरान कहा है कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। सभी ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक हस्तक्षेप का आह्वान किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर हिंदुओं के खिलाफ व्यापक हिंसा और भेदभाव फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड़, मंदिरों के पुजारियों की क्रूर हत्याओं समेत हिन्दू नेताओं को अन्यायपूर्ण तरीके से कैद किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने यह भी दावा किया है कि बांग्लादेश में हिंदू लोगों को व्यवस्थित रूप से उनकी नौकरियों से हटाया जा



रहा है, उनके परिवारों को लूटा जा रहा है और महिलाओं को यौन हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। यह सब बांग्लादेश से हिंदू संस्कृति, आस्था और पहचान को मिटाने के लिए एक सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। कनाडाई हिंदू स्वयंसेवकों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी बहुत ही चौंकाने वाली है।

## नेतन्याहू की सीरिया को सख्त चेतावनी- ईरान को स्पोर्ट किया तो जो पिछली सरकार के साथ हुआ वही नई के साथ भी होगा

**येरूसलम, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीरिया की नई सरकार को चेतावनी दी है कि अगर ईरान को सीरिया में फिर से पैर जमाने दिया गया या ईरानी हथियार हिज़बुल्ला तक पहुंचाए गए, तो इज़राइल कड़ा कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि इज़राइल का मकसद सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना नहीं है, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

नेतन्याहू ने कहा, अगर सीरिया की नई सरकार ईरान को फिर से स्थापित होने देती है या ईरानी हथियार हिज़बुल्ला तक पहुंचने देती है, तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे और इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जो पिछली सरकार के साथ हुआ, वही इस नई सरकार के साथ भी हो सकता है। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने इज़राइली वायुसेना को सीरिया की पुरानी सरकार द्वारा छोड़ी गई सैन्य क्षमताओं पर हमला करने की अनुमति दी थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ये हथियार जिहादियों के हाथ न लगें। उन्होंने इस कार्रवाई की तुलना ब्रिटिश वायुसेना के उस कदम से की, जिसमें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के वीशी शासन के जहाजों पर हमला किया गया था, ताकि वे नाज़ियों के हाथ न लगें।

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि इज़राइल सीरिया की नई सरकार के साथ संबंध बनाने का इच्छुक है, लेकिन यह तभी संभव है जब सीरिया ईरान और हिज़बुल्ला को समर्थन देने से बचे। उन्होंने कहा, अगर सीरिया की नई सरकार हमारी सुरक्षा के खिलाफ कदम उठाएगी, तो हम कड़ा जवाब देंगे।

## ऑस्ट्रेलिया की लैब से गायब हुए सैकड़ों घातक वायरस नमूने, जांच जारी

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** क्वींसलैंड सरकार ने दावा किया है कि ऑस्ट्रेलिया की एक प्रयोगशाला से सैकड़ों घातक वायरस के नमूने गायब हैं। क्वींसलैंड की ओर से इसी हफ्ते के सोमवार को यह घोषणा की गई और इसे गंभीर बताते हुए जांच की बात कही है। सरकार ने क्वींसलैंड स्वास्थ्य ऑस्ट्रेलिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि वह जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रमुख ऐतिहासिक उल्लंघन के रूप में वर्णित मामले की जांच शुरू करे। यह बताया गया कि अगस्त 2023 में क्वींसलैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य वायरोलॉजी प्रयोगशाला से कई संक्रामक वायरस - जिनमें हेंड्रा वायरस, लिसावायरस और हंटावायरस शामिल हैं - की 323 शीशियाँ गायब हो गईं। हेंड्रा एक जूनोटिक (पशु से मानव में फैलने वाला) वायरस है जो केवल ऑस्ट्रेलिया में पाया गया है।


सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, हंटावायरस वायरस का एक परिवार है जो गंभीर बीमारी और मौत का कारण बन सकता है, जबकि लिसावायरस वायरस का एक समूह है जो रेबीज का कारण बन सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिस प्रयोगशाला में नमूने गायब हुए, वह



चिकित्सीय महत्व के वायरस और मच्छर और टिक-जनित रोगजनकों के लिए नैदानिक सेवाएं, निगरानी और अनुसंधान प्रदान करती है। बयान में कहा गया है कि यह ज्ञात नहीं है कि संक्रामक नमूने चोरी हो गए या नष्ट हो गए, और समुदाय के लिए जोखिम का कोई सबूत नहीं है। सरकार ने भाग 9 जांच शुरू की है। मंत्री टिमोथी निकोल्स ने विज्ञप्ति में कहा, जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के इतने गंभीर उल्लंघन और संक्रामक वायरस के नमूनों के संभावित रूप से गायब होने के साथ, क्वींसलैंड स्वास्थ्य को यह जांच करनी चाहिए कि क्या हुआ।

## साउथ कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री ने आत्महत्या की कोशिश की, एक दिन पहले ही गिरफ्तारी हुई थी

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। उन्होंने पुलिस हिरासत में रहने के दौरान यह कोशिश की, लेकिन उनको बचा लिया गया। कमिश्नर जनरल ऑफ कोरिया करेक्शनल सर्विस की ओर से बुधवार सुबह ही यह जानकारी दी गई। किम योंग पर आरोप है कि उन्होंने देश में मार्शल लॉ घोषित कराने में अहम भूमिका अदा की थी। किम योंग को सियोल में ही रविवार को अरेस्ट किया गया था। राष्ट्रपति यून सुक यिओल की ओर से मार्शल लॉ का ऐलान किया गया था, जिससे लोगों में गुस्सा भड़क गया था। अब उस आदेश को वापस ले लिया गया है, लेकिन राजनीतिक संकट अब



भी बरकरार है। किम के बारे में कहा जा रहा है कि देश में मार्शल लॉ की सिफारिश करने वाले वह पहले शख्स थे। इस मामले में उन्हें अरेस्ट भी सबसे पहले किया गया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने अंडरवियर के सहारे आत्महत्या करने की कोशिश की। उन्होंने डिटेंशन सेंटर में ही ऐसा करने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों की नजर पड़ गई। राष्ट्रपति यून सुक यिओल की ओर से मार्शल लॉ का ऐलान किया गया था। कहा जा रहा है कि इसकी सिफारिश करने वाले पहले नेता किम ही थे। अपने पद से इस्तीफा देने वाले किम का अस्थायी तौर पर मार्शल लॉ लगवाने में योगदान था। विपक्षी सदस्यों और सीनियर मिलिट्री अधिकारियों के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार किम ने ही राष्ट्रपति के सामने मार्शल लॉ का प्रस्ताव रखा था। इससे पहले विशेष पुलिस जांच यूनिट ने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ऑफिस में रेड मारी थी। इस दौरान वहां से कुछ दस्तावेजों की जांच की गई थी। इससे भी कुछ जानकारी मिली है कि आखिर किसने मार्शल लॉ का प्रस्ताव रखा था और क्यों यह लगाया गया। साउथ कोरिया में मार्शल लॉ लगने के बाद बड़े पैमाने पर उपद्रव हो गए थे, जिसके बाद यह फैसला वापस लेना पड़ा। साउथ कोरिया में 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक योल ने रक्षा मंत्री किम के साथ मिलकर देश में मार्शल लॉ लगा दिया था। हालांकि, यह 6 घंटे ही चल पाया था। इसके 2 दिन बाद रक्षा मंत्री किम ने मार्शल लॉ की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। साउथ कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया था। वे मार्शल लॉ मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले शख्स हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129